इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -252 | राजनांदगांव, सोमवार 29 जुलाई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

### भाजपा के मुख्यमंत्रियों की बैठक खत्म

# पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने पर फोकस, पीएम मोदी ने दिया सफलता का मंत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री परिषद को संबोधित किया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय मुख्यमंत्री परिषद की बैठक रविवार को संपन्न हो गई है। इसमें भाजपा शासित राज्यों के 13 मुख्यमंत्रियों और 15 उपमुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें जन कल्याण के लिए समन्वित प्रयासों के साथ काम करें तो सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगी।

### बैठक से मिलती हैं तीन उपलब्धियां

बैठक के पहले दिन यानी शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि इन बैठकों के माध्यम से हमें तीन विशिष्ट उपलब्धियां मिलती हैं। सबसे पहले हमें अपने सफल प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं के (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### इन योजनाओं का हुआ जिक्र

बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति को लागू करने में राज्य सरकारों की भूमिका पर चर्चा की। कई राज्यों की चुनिंदा योजनाओं का भी जिक्र किया गया। उत्तर प्रदेश की ग्रामीण सचिवालय योजना, असम सरकार द्वारा सरकारी रिक्तियों पर शीघ्र भर्ती के लिए चलाया गया विशेष अभियान, गुजरात द्वारा सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास, त्रिपुरा का 'अमर सरकार' कार्यक्रम और बिहार सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने के प्रयास का उल्लेख किया गया। महाराष्ट्र और हरियाणा की कुछ विशेष परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

### पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था पर फोकस



पीएम मोदी ने कहा कि विरासत का संरक्षण और विकास की विरासत का निर्माण विकसित भारत की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है। सभी को इस ओर ध्यान देते रहना चाहिए। पीएम ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों, विकास कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाने और लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने पर चर्चा की।

## दिल्ली की आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरा पानी, 3 की मौत, 14 को सुरक्षित बाहर निकाला

नई दिल्ली । शनिवार शाम को हुई बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर के एक आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। जलभराव के कारण 3 स्टूडेंट की डूबने से मौत हुई। पुलिस ने बताया कि शाम 7 बजे सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ को बुलाया गया। देर रात को ही 3 स्टूडेंट के शव निकाले गए। वहीं, 14 छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बेसमेंट में कुल कितने छात्र फंसे थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

शाम 7 बजे लाइब्रेरी बंद हो रही थी, उसी समय स्टूडेंट बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान बहुत तेज प्रेशर से पानी अंदर आने लगा। लाइब्रेरी से निकलने का 1 ही गेट है। बेसमेंट से निकलने के लिए भी 1 ही सीढ़ी है। चश्मदीद छात्रों ने बताया कि जब तक हम लाइब्रेरी खाली करते, तब तक पानी घुटनों तक भर चुका था। बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां



चढ़ना मुश्किल हो रहा था। महज 2-3 मिनट में ही पूरे बेसमेंट में 10-12 फीट पानी भर गया था। बच्चे बेंच पर खड़े हुए थे। बच्चों को बचाने के लिए रस्सियां फेंकी गईं, लेकिन पानी गंदा था, इसलिए रस्सियां दिखाई नहीं दी।

अभी साफ नहीं हुआ है कि अचानक तेज प्रेशर से अंदर पानी कैसे आया। पुलिस इसकी जांच कर रही है। कोचिंग संचालक और कॉर्डिनेटर को हिरासत में भी लिया गया है। फायर ऑफिसर अतुल गर्ग ने बताया कि फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां मौके पर भेजी गई थीं। सड़क पर पानी भरे होने के कारण शुरुआत में बेसमेंट से पानी नहीं निकल रहा था। कुछ देर बाद जब सड़क से पानी कम हुआ, तब जाकर बेसमेंट से पानी निकलना शुरू हुआ। हमने पंप लगाकर पानी निकाला। इसके बाद छात्रों के शव मिलना शुरू हुए।

### रेस्क्यू खत्म होने के समय भी 7 फीट पानी भरा था

पुलिस ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान पानी में बेंच तैर रही थी। इसलिए बच्चों को बाहर निकालने में दिक्कतें हुईं। देर रात को जब रेस्क्यू आखरी चरण में था, तब भी 7 फीट तक पानी अंदर भरा हुआ था। बच्चों को रस्सियों के सहारे सुरक्षित निकाला गया।

### दिल्ली सरकार ने दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने और छात्रों के फंसने की घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'सेफ खेलना छोड़िए, कॉमन सेंस का इस्तेमाल करें जज', जमानत याचिकाओं को लेकर ऐसा क्यों बोले सीजेआई चंद्रचूड़



बेंगलुरु। जमानत मामलों पर आज मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने जजों को बड़ा संदेश दिया है। सीजेआई ने कहा कि जब अपराध के महत्वपूर्ण मुद्दों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो ट्रायल जज जमानत न देकर सेफ खेलना पसंद करते हैं।

### 'मजबूत कॉमन सेंस' का इस्तेमाल करें

मुख्य न्यायाधीश ने प्रत्येक मामले की बारीकियों को देखने के लिए 'मजबूत कॉमन सेंस' की आवश्यकता पर जोर दिया। सीजेआई ने कहा कि जिन लोगों को ट्रायल कोर्ट में जमानत मिलनी चाहिए और उन्हें वहां नहीं मिल रही है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें हमेशा उच्च न्यायालयों का रुख करना पड़ता है।

### मनमाने ढंग से गिरफ्तार लोग होते हैं परेशान

डीवाई चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि जिन लोगों को उच्च न्यायालयों में जमानत मिलनी चाहिए, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल : केंद्रीय खेल मंत्रालय ने दी राजनांदगांव में खेलों के विकास के लिए 35 करोड़ की स्वीकृति

### केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मिले राजनांदगांव विधायक और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

रायपुर (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव को खेल नगरी और हॉकी की नर्सरी के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व में राजनांदगांव से हॉकी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना भी बटोरी है और राजनांदगांव लगातार खिलाड़ियों के लिए एक नर्सरी के तौर पर स्थापित रहा है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राजनांदगांव में दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण किया गया था, जहां पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हॉकी और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होती रही है।

समय के साथ इस स्टेडियम में खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखकर कुछ आवश्यकताएं भी महसूस होने लगी है, जिस पर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गत संध्या अपने निवास 'स्पीकर हाउस' में केंद्रीय खेल और युवा मामले के मंत्री श्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की।



**दिग्विजय स्टेडियम में मल्टीपर्पज इनडोर हॉल व सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट जैसे विभिन्न कार्य हुए मंजूर**

उन्होंने राजनांदगाँव में खिलाड़ियों के लिये बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्रीय खेल मंत्रालय और मनसुख मांडवीया का आभार जताया। वि.स. अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह गत संध्या विधानसभा अध्यक्ष निवास में हुई केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के बीच चर्चा हुई।

राजनांदगांव स्थित दिग्विजय स्टेडियम में लगभग 19 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत के मल्टीपरपज हॉल की आवश्यकता और लगभग 6 करोड़ 34 लाख की लागत के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण पर चर्चा हुई। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट, सिविल कार्य और विद्युतीकरण के लिए लगभग 8 करोड़ 79 लाख रुपए के कार्यों का प्राक्कलन रखा है। इन तीनों ही विषयों पर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से गंभीर चर्चा की और श्री मांडवीया ने दिग्विजय स्टेडियम और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के उन्नयन कार्य के तीनों ही विषय पर स्वीकृति प्रदान की है।

## छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों के राज्यपाल बदले गए, रामेन डेका बनाए गये छत्तीसगढ़ के नए गवर्नर



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के समेत 10 राज्यों के राज्यपाल बदल दिए गए हैं। असम के रामेन डेका छत्तीसगढ़ के नौवें राज्यपाल बनाए गए हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी बिस्वभूषण हरिचंदन संभाल रहे थे। इसके साथ ही महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस की जगह भी नए राज्यपाल को नियुक्ति दी गई है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अब महाराष्ट्र के राज्यपाल होंगे। यही नहीं छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी रहे ओम माथुर को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ का नया राज्यपाल बनने पर रामेन डेका को बधाई दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार देर रात छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड, पंजाब समेत 10 राज्यों के राज्यपालों की नई नियुक्ति की। द्रोपदी मुर्मू ने अमस के रामेड डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल बनाया है। रामेन डेका के राज्यपाल बनने पर छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि आदरणीय रामेन डेका को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।निश्चित ही एक संरक्षक के रूप में आपके विशाल सामाजिक, राजनीतिक एवं संसदीय अनुभव का लाभ 3 करोड़ छत्तीसगढ़वासियों को मिलेगा। समस्त छत्तीसगढ़वासी आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं।

### 10 राज्यों की लिस्ट, जहां बदले गए राज्यपाल

| राज्य | राज्यपाल |
|---|---|
| राजस्थान | हरिभाऊ किसनराव |
| झारखंड | संतोष गंगवार |
| महाराष्ट्र, | सीपी राधाकृष्णन |
| छत्तीसगढ़ | रमन डेका |
| पंजाब | गुलाब चंद कटारिया |
| असम | लक्ष्मण प्रसाद आचार्य |
| मणिपुर | लक्ष्मण प्रसाद आचार्य |
| सिक्किम | ओम प्रकाश माथुर |
| तेलंगाना | जिष्णु देव वर्मा |
| मेघालय | सीएच विजयशंकर |

### असम के रहने वाले रामेड डेका

छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल रामेन डेका असम के रहने वाले हैं। इनका जन्म 1 मार्च 1954 को असम के कामरूप जिले के सुआलकुची में हुआ था। वे असम की मंगलदोई लोकसभा सीट से बीजेपी के टिकट पर दो बार सांसद रह चुके हैं। वह भाजपा के संस्थापक सदस्यों में भी हैं। असम बीजेपी के अध्यक्ष रह चुके हैं। रामेन डेका छत्तीसगढ़ के 9वें राज्यपाल होंगे। मध्यप्रदेश के राज्यपाल रामनरेश यादव और आनंदीबेन पटेल राज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल चुके हैं। पूर्णकालिक राज्यपाल के रूप में 8 राज्यपाल प्रदेश में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

## 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने देश को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया, 'मानस' हेल्पलाइन नंबर 1933 जारी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में नशा मुक्त भारत की दिशा में सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए 'मानस' हेल्पलाइन पर इससे जुड़ी कोई भी जानकारी साझा करने की अपील की।

'मन की बात' के 112वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को नशा मुक्त बनाने के लिए उनकी सरकार ने एक विशेष केंद्र 'मानस' खोला है। सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है, जिसमें नशा मुक्ति से जुड़े हुए परामर्श हासिल किए जा सकते हैं। इसके अलावा



इस नंबर पर नशे से जुड़ी हुई कोई भी जानकारी साझा की जा सकती है। यह जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों को देश-समाज में हो रहे सकारात्मक पहलुओं से अवगत कराते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने बाघ संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में कई ऐसे गांव हैं जहां पर इंसान और बाघ के बीच में कभी टकराव की स्थिति नहीं आती। लेकिन जहां ऐसी स्थिति आती है वहां भी बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं।

### पीएम ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए की अपील

प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलंपिक की बात की और लोगों से भारतीय खिलाड़ियों का सोशल मीडिया के माध्यम से उत्साह बढ़ाने की अपील की। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मनु भाकर ने जीता ओलंपिक मेडल, देश में खुशी का माहौल, पीएम मोदी बोले- यह एक ऐतिहासिक पल

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक का दूसरा दिन भारत के लिए शानदार रहा। 22 साल की मनु भाकर ने इतिहास रचा। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वो ओलंपिक के शूटिंग इवेंट में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज हैं। एक समय वो सिल्वर मेडल के करीब थीं। लेकिन, एक शॉट से वो रजत पदक चूक गई और ब्रॉन्ज मेडल से उन्हें संतोष करना पड़ा।

निशानेबाजी में मनु ने भारत का पांचवां ओलंपिक मेडल दिलाया है। भारत ने एथेंस 2004 से लंदन 2012 तक लगातार 3



ओलंपिक में शूटिंग पदक जीते लेकिन अगले दो संस्करणों में कोई पदक नहीं मिला था।

22 साल की मनु भाकर ने फाइनल में 221.7 का स्कोर किया। कोरिया की ओह ये जिन ने 243.2 के नए ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता और उनकी हमवतन येजी किम ने भाकर को पछाड़कर 241.3 के अंतिम स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता। भारतीय महिला तीरंदाजी टीम रिकर्व इवेंट के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। नीरदलैंड्स ने भारत को 6-0 से हराया। भारतीय तीरंदाजों ने क्वार्टर फाइनल में बेहद खराब प्रदर्शन किया। अंकिता भकत, भजन कौर और दीपिका कुमारी की तिकड़ी को नीदरलैंड की क्विंटी रोएफेन, गैबी श्लोएसर और विंकेल वान की तिकड़ी से मात खाई। पहले राउंड में नीदरलैंड के तीरंदाजों ने 52 स्कोर किया जबकि भारत का स्कोर 51 था।




## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की रणनीतियों और योजनाओं पर दी प्रभावी जानकारी

नई दिल्ली (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के दूसरे दिन, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की प्रमुख योजनाओं, आम लोगों के शासन के प्रति फीडबैक, और राजनीतिक घटनाक्रमों पर विस्तृत जानकारी दी। जिसमें छत्तीसगढ़ द्वारा अपनाई गई तकनीकों और रणनीतियों की विशेष जानकारी शामिल थी।

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की विकास योजनाओं की सफलता को रेखांकित करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों, किसानों, और नक्सल उन्मूलन के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की है। इन पहलों ने छत्तीसगढ़ को शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने में एक आदर्श राज्य बनाया है। मुख्यमंत्री ने अपनी रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ की रणनीतियों की प्रभावशीलता का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि राज्य ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया है, जिससे योजनाओं की सफलता में वृद्धि हुई है और स्थानीय लोगों का शासन में विश्वास भी बढ़ा है।

बीजेपी मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में छत्तीसगढ़ की योजनाओं की सराहना की गई और अन्य भाजपा शासित राज्यों को छत्तीसगढ़ की रणनीतियों और तकनीकों को अपनाने की सलाह दी गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने गांव-गांव और घर-घर तक अपनी योजनाओं को विभिन्न माध्यमों से पहुँचाया, जिसमें प्रचार तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस प्रभावी मॉडल की जानकारी देने पर छत्तीसगढ़ की सराहना की गई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि विभागों के कामकाज और योजनाओं को पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इनमें नक्सलवाद से निपटने, भ्रष्टाचार मुक्त विभागीय कामकाज, कोयले की ट्रांसपोर्टिंग, शराब की खरीदी से लेकर पीएससी के जरिये परीक्षा की जांच संबंधी कई फैसले शामिल हैं।



- भाजपा मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक दूसरे दिन भी जारी रही
- मुख्यमंत्री साय ने सात माह के कार्यकाल में कामकाज और उपलब्धियों का रखा ब्योरा

मुख्यमंत्री साय ने राज्य की महत्वपूर्ण महतारी वंदन योजना की जानकारी दी, जिसके तहत राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के जरिए गरीब महिलाओं को साल में 12 हजार रुपये की सहायता दी जाती है, जिससे उनकी छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होती हैं।

मुख्यमंत्री ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रही नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा इस योजना का उद्देश्य माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और स्थायित्व लाना है। इसके तहत नए स्थापित कैम्पों के आसपास के 5 गांवों को राज्य के 17 विभागों की 53 कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया है, जिससे इन गांवों में मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है, जिससे राज्य के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री ने फ्लैगशिप कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत 1 करोड़ 51 लाख पौधों की रोपाई की जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री सड़क योजना, पीएम सूर्यघर योजना, अमृत सरोवर, आरोग्य और रोजगार मेलों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

# मध्यप्रदेश ने दोनों वर्ग में महाराष्ट्र को हराकर बनी चैम्पियन छत्तीसगढ़ ने जीता कास्य पदक

## सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं सुरूचि सिंह, राजेश जैन ने बांटे पुरूस्कार




राजनांदगांव (दावा)। मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने आज रोमांचक व संघर्षपूर्ण फायनल मुकाबले में पैनाल्टी शूटआउट में महाराष्ट्र को 5-4 गोल से वहीं बालक वर्ग में भी मध्यप्रदेश दिलचस्प मुकाबले में महाराष्ट्र को 6-4 गोल से पराजित करते हुए हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित द्वितीय वेस्ट जोन जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर चैम्पियनशिप पर कब्जा किया वंही महाराष्ट्र को रजत पदक पर संतोष करना पडा तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में मेजबान छत्तीसगढ ने राजस्थान को हराकर दोनो वर्ग में कास्य पदक जीता स्पर्धा का पुरूस्कार वितरण लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला पंचायत की सीईओ सुरूचि सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भारतीय टीम के पूर्व कप्तान असुंता लकरा, समाजसेवी राजेश जैन, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अकरम खान के आतिथ्य व जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद शर्मा, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, नीलमचंदजैन,प्रकाश शर्मा, अजय झा, रामअवतार जोशी, सुश्री ऑशा थॉमस, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंस भाटिया, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। फायनल मैच का प्लेयर आफ द मैच का पुरूस्कार मध्यप्रदेश की गोल कीपर संजू शाही, बालक वर्ग में तुषार परमार को प्रदान किया।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जा रही द्वितीय हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर बालक व बालिका हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज संध्या बालक वर्ग के समापन अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि मै आप लोगो के बीच आ कर गौरववित महसूस कर रहा हूँ राजनांदगांव में एक इतिहास रहा है यहां से एक से बढ कर एक खिलाडी निकले है जिन्होने हॉकी नर्सरी का गौरव बढाया है छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के पेरिस ओलम्पिक में पर्यवेक्षक बनकर प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं सभी टीमो के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

प्रातः बालिका वर्ग का फायनल मैच व पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुश्री सुरूची सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलो में हार जीत होती रहती है लेकिन खिलाडियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए तभी संभव जब खिलाडी कडी मेहनत लगन व टीम वर्ग के साथ खेले तो उसे सफलता अवश्य मिलेगी खेलो में परिणाम पी.एस.सी व यू.पी.एस.सी की अपेक्षा तुरंत मिल जाता है वर्तमान में भारत व छत्तीसगढ सरकार भी खेलो व खिलाडियों की प्रतिभाओं को आगे लाने कोई कसर नही छोड रही है उन्होने आशा व्यक्त कि वर्तमान में चल रहे पेरिस ओलम्पिक में भारतीय दल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदको की श्रेणी में अग्राणी स्थान प्राप्त करेगा। समारोह के अध्यक्ष श्री राजेश जैन ने अपने सबोधन में राजनांदगांव की हॉकी व झांकी का जिक्र करते हुए राजनांदगांव की खेल गतिविधियों से नवदित खिलाडियों को परिचित करवाया उन्होने सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के पिछले 80वर्षो से आयोजित होने के पीछे इस हॉकी नर्सरी के लोगो की लगन व उत्साह का परिणाम बतलाया इस अवसर पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी ने आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए आयोजन के सफलता के लिए सभी का सहयोग की अपेक्षा कि, इसके पूर्व अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण करते हुए अतिथियों ने दोनों ही वर्गो के विजेता टीम मध्यप्रदेश को स्वर्ण पदक व आर्कषक ट्राफी, उपविजेता टीम महाराष्ट्र को रजत पदक व ट्राफी एवं मेजबान छत्तीसगढ़ को कास्य पदक व ट्राफी प्रदान की गई। समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह में प्रमुख रूप से भूषण सॉव, ज्ञानचंद जैन, शिवा चौबे, योगेश द्विवेदी, घनश्याम प्रसाद, हनिफ कुरैशी, बबिता लिल्हारे, हेमु सोनी, शकील अहमद, सचिन खोब्रागढे, अभिनव मिश्रा, खेमराज सिन्हा,आशिष सिन्हा, खुशाल यादव, चन्द्रहास साहू, अनिश, विष्णु सिन्हा, अनिश अहमद, नियज खान एम रवि रॉव, किशोर धीवर,राजेश निर्मलकर, तौफिक अहमद, सुखदेव निर्मलकर, कृष्णा यादव, प्रितम प्रजापति, फराहान, शब्बीर हैदरी, दीपक यादव, लक्ष्मण यादव सहित तकनिकी अधिकारी व निर्णायकगण उपस्थित थे। समापन समारोह का संचालन मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी ने किया, वहीं जिला हॉकी संघ सचिव शिवनारायाण धकेता ने आभार व्यक्त किया।

# जिला एथलेटिक संघ ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जताया

राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय स्टेडियम में मल्टीपरपज हाल एवं एथलेटिक ट्रैक की स्वीकृति दिलवाने के लिए राजनांदगांव विधानसभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जिला एथलेटिक संघ हृदय से आभार व्यक्त करता है। संघ ने कहा कि अपने राजनांदगांव के खिलाड़ियों के लिए प्रदेश का सर्वोत्तम स्टेडियम बनवाया और उसमें यह सुविधा उपलब्ध करवाई इसके लिए जिला एथलेटिक संघ आपका हृदय से आभार व्यक्त करता है। जिला एथलेटिक संघ के समस्त पदाधिकारीगण सहित अध्यक्ष विवेक शुक्ला, सचिव रणविजय प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष सतीश ब्योहारे, अतुल चोपड़ा, सहित प्रकाश सठिया, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अजय खंडेलवाल, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, कोच कामता प्रसाद यादव, ममता मौर्या, राजाराम देवांगन, चंद्रेश चंद्राकर, ममता गुप्ता एवं समस्त खिलाड़ी आभार व्यक्त करते हैं। आपने हॉकी स्टेडियम के लिए भी 8.50 करोड़ की स्वीकृति दिलाई। इसके लिए भी जिला एथलेटिक संघ आपका हृदय से आभार व्यक्त करता है। जिला एथलेटिक संघ सांसद संतोष पाण्डेय और पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, कलेक्टर संजय अग्रवाल का भी आभार व्यक्त करता है कि जिनकी जागरूकता सोच और तत्परता से यह कार्य स्वीकृत हुआ है।

## दिव्यांगजनों के लिए लगने वाले यूनिक आईडी कार्ड शिविर 29-30 स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे की पहल पर दिव्यांजनों के लिए रेलवे कंसेशन में मिलने वाली छूट व अन्य सुविधा के लिए 29- 30 जुलाई को दो दिवसीय यूनिक कार्ड शिविर का आयोजन किया गया था। संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया की लगातार चारो तरफ हो रही बारिश एवं अन्य वजह से इसे कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया। आगामी तिथि तय होते ही सबको सूचित किया जाएगा।

# शहर की सड़कों में मवेशियों का डेरा... दुर्घटना के बन रहे कारण



राजनांदगांव (दावा)। शहर की सड़कों में जहां-तहां मवेशियों का डेरा बनी रहने से आए दिन दुर्घटना के कारण बन रहे है। शहर का कोई ऐसा हिस्सा नहीं होगा जहां झूड में या फिर इक्के-दुक्के मवेशी बीच सड़क पर रास्ता रोके खड़े न हो। बीच सड़कों में डेरा जमाए मवेशियों के इस झूण्ड से वाहन चालक साइड से बचकर निकलना मुनासिबत समझते है।

यदि ऐसा नहीं किया गया तो वाहन चालकों का सड़क पर खड़े या डेरा जमाए इन मवेशियों से टकरा कर एक्सीडेन्ट होना आवश्यक है। इस दौरान सड़कों पर बैठे इन मवेशियों का हड़बड़ाकर उठना या बिदक कर इधर-उधर भागना वाहनों से टकराकर एक्सीडेन्ट होने का कारण बनता है। बता दे कि अखबरों में इन मवेशियों के सड़कों पर हुजुम रहने के समाचार लगातार प्रकाशन के बाद नगर निगम थोड़ा एक्टिव जरूर हुआ। निगम का मवेशी धर-पकड़ अमला द्वारा रोजाना कुछ मवेशी पकड़े भी जा रहे है। इसके बाद सड़क पर डेरा जमाए ये मवेशी कहा से आ जा रहे है इसे जानना मुश्किल है। बहरहाल शहर में जहां तहा डेरा जमाए बैठे मवेशी व बेखौफ विचरण कर रहे है।

जानवरों का इस प्रकार खुला घुमना लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। मवेशियों की जमघट के साथ-साथ कुत्तों का जमावड़ा व जहां-तहां आवारा घूम रहे कुत्तों का लोगों को दौड़ा कर काटा जाना भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। नगर निगम इन सड़कों पर डेरा जमाए मवेशियों के साथ-साथ शहर में घुमते आवारा कुत्तों को भी धर-पकड़ करने के लिए अभियान छेड़ा जाना जरूरी हो गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने लोगो में उत्साह, 45 आवेदन प्राप्त

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा: आज टाउन हॉल में आयोजित शिविर में 92 आवेदन प्राप्त, 6 का हुआ निराकरण

राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा आज टाउन हॉल सभागृह में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक वार्ड नं. 14, 15 व 26 के लिये शिविर आयोजित किया गया।

शिविर के लिये वार्डवासियों में उत्साह रहा और उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान के लिये 92 आवेदन लगाये, जिसमें से 45 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने लगाया गया। 92 आवेदन में जन्म-मृत्यु, आधार कार्ड व पानी निकासी संबंधी 6 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। आज के शिविर में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नेंता प्रतिपक्ष किशुन यदु, संबंधित वार्ड के पार्षदों में जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह व राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य विनय झा, पार्षद अजय छेदैया व राजेश जैन रानू उपायुक्त व नोडल अधिकारी मोबिन अली सहित अधिकारीगण उपस्थित थे। शिविर में मोबाईल मेडिकल युनिट के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

टाउन हॉल में वार्ड नं. 14,15 व 26 के लिये आयोजित शिविर में 92 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 3 आवेदन जल विभाग के, राशन कार्ड के 1, जन्म-मृत्यु के 2, प्रधानमंत्री आवास योजना के 45, स्वास्थ्य विभाग के 3, लोककर्म के 24, विद्युत विभाग के 12, आधार पंजीयन के 2 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों में 6 आवेदन का निराकरण किया गया, जिसमें जन्म-मृत्यु के 2 आवेदन में सें 1 जन्म प्रमाण पत्र, 1 मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। इसी प्रकार आधार कार्ड के 2



प्रकरण में आधार अपडेट किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग के 3 आवेदन में 2 आवेदन गोल बाजार में पानी निकासी व नाली सफाई का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने शिविर में कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण के लिये नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण पखवाड़ा चला रही है, जिसका उद्देश मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा विभिन्न हितग्राही मूलक योजना राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु,विवाह प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, स्व रोजगार का भी लाभ देना है। उन्होंने कहा कि आज के शिविर में वार्डवासियों ने उत्साह दिखाया, शेष वार्डो में आयोजित शिविर में भी पहुँचकर शासन की योजना का लाभ ले एवं अपनी समस्या का निराकरण कराये। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को देवांगन समाज भवन चिखली में वार्ड नं. 5 व 6 के लिये तथा 30 जुलाई को शंकरपुर स्कूल में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि शासन की सोच कि नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण हो तथा उन्हें योजना का लाभ मिले, जिसके लिये वार्डो में शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अपने अपने वार्ड में आयोजित शिविर में पहुँच आवेदन कर समस्या का समाधान कराये। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर आवेदन लेने की कार्यवाही किये।

## शशि राय का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। इंदिरा नगर निवासी शासकीय कन्या शाला डोंगरगढ़ सेवानिवृत शिक्षिका शशि राय का 60 वर्ष की उम्र में उनके निवास स्थान इंदिरा नगर में 27 जुलाई को हृदय गति रुकने के वजह से निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार क्रॉस पहाड़ी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई।

## धानूराम चंद्रवंशी का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के कोहलाकसा निवासी धानूराम चंद्रवंशी आरक्षक 2007 बैच का 45 वर्ष की अल्पआयु में हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वे बैकुण्ठपुर सिटी कोतवाली में पदस्थ थे। वे अपने पीछे पत्नी, बच्चे, लड़की श्रेया और एक लड़का सूर्याश, माता जी, छोटे भाई मानू चंद्रवंशी और बहु सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# चौधरी ने किसानों को सामयिक सलाह



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि धान की बुवाई के बाद लगातार सुख रहने के कारण खरपतवार की अधिकता हो गई है, उसके बाद पिछले 10 दिनों से लगातार वर्षा के कारण खरपतवार नाशक दवाई का छिड़काव नहीं हो पाया है। धान की बुवाई एक महीने से अधिक होने के कारण खरपतवार नाशक डालना आवश्यक हो गया है, ऐसे में समय को देखते हुए जब वर्षा नहीं हो रही हो तब खरपतवार नाशक में घरेलू शैंपू अथवा चिपको मिलकर दवाई का छिड़काव करना चाहिए।

ताकि वर्षा होने पर भी खरपतवार नाशक पौधों में चिपका रहे किसान कॉल सेंटर दिल्ली के मौसम विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि आगामी 2 अगस्त तक हल्की से मध्यम वर्षा राजनांदगांव जिले में होने की संभावना है इसलिए किसान भाई मौसम का ध्यान रखते हुए दवाई का छिड़काव करें । किसान भाइयों को खरपतवार नाशक दवाई छीटने के लिए साफ पानी का उपयोग करना चाहिए क्योंकि खेत में जमे हुए मटमैला पानी के उपयोग से खरपतवार नाशक दवाई मिट्टी के संपर्क में आने से अपना प्रभाव खत्म कर लेता है। इसलिए कुआं बोरिंग के पानी का उपयोग करना किसानों के लिए फायदेमंद हो सकता है।किसान नेता अशोक चौधरी ने बताया कि फसल में तना छेदक का उपचार करने का समय भी यही है अपने कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क करके अथवा किसान कॉल सेंटर जिसका नंबर 1551 है। चर्चा करके उसका छिड़काव भी कर लेना चाहिए। तना छेदक का कीड़ा अभी ही फसल में लग जाता है और बाद में वह फसल को नुकसान करता है, उसे समय दवाई छींटने का ज्यादा लाभ नहीं हो पाता। अतः किसान अपने फसल के लिए इसकी चिंता भी कर लें।

# शहर में कुत्तों का आतंक, गंज लाइन में एक लड़की को कुत्तों ने काटा



राजनांदगांव (दावा)। शहर में जिस तरह मवेशी जगह-जगह खड़े नजर आते है वैसी ही हर जगह आपको कुत्ते के झूण्ड विचरते हुए नजर आ जाएंगे। झूण्ड में विचरते ये कुत्ते हर आने-जाने वालों को काटने के लिए दौड़ पडते है। इससे रोजाना कई लोग कुत्ते कांटे के शिकार हो रहे है। गंज लाइन में आज भरकापारा क्षेत्र का कुत्ता एक छोटी सी बच्ची को काट खाया।

वार्ड नं. 36 के पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे ने बताया कि गंज लाइन में पुरूषोत्तम गांधी के मकान के समीप विचरते रहने वाला काला कुत्ता पागल हो गया है और हर आने जाने वालो को काटने दौड़ा रहा है। उसने बताया कि वही पर फल बेचने वाले बिहारी की लड़की को उस कुत्ते ने काट खाया इससे वह दर्द के बिलबिला उठी। फलवाले उसके पिता को पता चलने पर रोती हुई बच्ची को उठाकर कुत्ते काटे का इलाज कराने हास्पिटल ले गया है। बता दे कि कुत्तों के काटने व हर आने जाने वालों पर भौकने व दौड़ाने की वारदात पुरे शहर के हर गली वार्डों में देखी जा रही है। मठपारा रोड में झूण्ड एकत्रित रहने वाले कुत्ते बाइक सवारों पर भौकते हुए दूर तक दौड़ाते है। इस बीच बाइक सवारों के द्वारा एक्सीडेन्ट होने का भी खतरा बना रहता है। कुत्तां के सम्पर्क में आने से काट खाने का खतरा अलग से बना रहता है।

रात में सिनेमा लाइन, हलवाई लाइन में झूण्ड के झूण्ड विचरते कुत्ते हर किसी आने-जाने वालों पर भौकते व दौड़ाते हुए देखा जा सकता है। इन दिनों स्कूल खुल जाने के बाद छोटे-छोटे बच्चों के स्कूल आते-जाते समय कुत्तों के काट लेने का खतरा बना हुआ है। इससे अभिभावक जन भी संथकित है। एक और निगम न तो कुत्तों की बध्याकरण पर ध्यान दे रहा है और न खूंखार कुत्तों को पकड़ने की दिशा में ध्यान दे रहा है। इसमें शहर के कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है जो कि लोगों के लिए खतरनाक सिद्ध हो रहा है। बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय में रोजाना 20-25 केसेज कुत्ते काटने के आ रहे है। पार्षद प्रतिनिधि डोंगरे ने नगर निगम से खुखार कुत्तों को पकड़ने व कुत्तों की बध्याकरण की मांग की है।

# दिल्ली कोचिंग हादसा पर कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया दुख

## कहा- राजधानी उदासीनता का दंश झेल रही



नई दिल्ली, 28 जुलाई(आरएनएस)। देश की राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर कोचिंग सेंटर हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को कांग्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शहर बनाया था। लेकिन, आज भारत की राजधानी उदासीनता का दंश झेल रही है। इस तरह का हादसा होना हम सभी के लिए अत्यंत चिंता की बात है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राजधानी दिल्ली में सरकार व प्रशासन की आपराधिक लापरवाही के चलते आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन युवाओं की जिंदगी जाना बेहद दुःखद है। उनके परिवारजनों को हमारी गहरी संवेदनाएं। इससे पहले पटेल नगर में जलभराव के कारण, करंट लग जाने से एक अन्य यूपीएससी अभ्यर्थी की जान चली गई। खबरों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में 8 लोग की जान करंट लगने से गई है।

उन्होंने आगे लिखा, दिल्ली को कांग्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शहर बनाया था। आज भारत की राजधानी उदासीनता का दंश झेल रही है। आए दिन हादसे होते रहते हैं। देश की राजधानी में इस तरह का हादसा होना हम सभी के लिए अत्यंत चिंता की बात है। हमें हमारी राजधानी को बेहतर बनाना होगा ताकि हमारे नागरिक सुरक्षित रहें और यहां रहने व आने वालों को ये भरोसा हो कि देश की राजधानी में उनकी उपेक्षा नहीं होगी।

# केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सरगुजा में आंगनबाड़ी केंद्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

रायपुर, 28 जुलाई (आरएनएस)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर आज रविवार को सरगुजा जिले के प्रवास पर रहीं। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री लक्ष्मी राजवाड़े भी उनके साथ कार्यक्रमों में शामिल हुईं। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती ठाकुर ने आंगनबाड़ी केंद्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। श्रीमती ठाकुर ने अम्बिकापुर के पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने सबसे पहले सखी वन स्टॉप सेंटर दर्रीपारा का निरीक्षण कर महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से घर-परिवार से बिछड़े महिलाओं को उनके परिवार से मिलाने के लिए जरूरी पहल करने को कहा। संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अब तक 315 परिवारों को जरूरी परामर्श देकर टूटने से बचाया गया है।

### माताओं से अपील, नियमित रूप से बच्चों को भेजें आंगनबाड़ी

इसके बाद श्रीमती ठाकुर ने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया तथा सुपोषण चौपाल लगाकर महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी



## प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में हुई शामिल

सहायिकाओं को पोषण के प्रति सजग रहने सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र इंदिरा नगर, नवापारा और बंगालीपारा का निरीक्षण किया।

आंगनबाड़ी केंद्रों में गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होकर गर्भवती महिलाओं का तिलक लगाकर विधिवत नारियल,चना, गुड़, फल, सब्जी, श्रृंगार सामग्री भेंटकर शुभकामनाएं देते हुए गोदभराई रस्म अदा की। उन्होंने बड़े दुलार के साथ बच्चों को खीर खिलाकर अन्न-प्राशन्न किया। नवापारा आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में आजीविका गतिविधियों का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात की और समूह की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हुए पेड़ो की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेने कहा। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े भी एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। आंगनबाड़ी केंद्र बंगालीपारा में उन्होंने उपस्थित महिलाओं को शासन की योजनाओं की जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजें।

स्वयं भी केंद्र जाएं और देखें कि आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुले तथा केंद्र में स्वच्छता भी बनी रहे। बच्चों का बेहतर विकास सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। अपनी सक्रिय सहभागिता से शासन और प्रशासन को सहयोग करें। इसके बाद पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक अंबिकापुर श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, कलेक्टर श्री विलास भोसकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न विभागों के स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



# सांसद संतोष पांडे मेडिकल कालेज की मृतक छात्रा के परिजनों से मिले.. दी शोक सांत्वना





राजनांदगांव (दावा)। पेंड्री वार्ड स्थित मेडिकल कॉलेज की छात्रा द्वारा तीन दिन पहले अपने कमरे की पंखे में फांसी लगा कर की गई आत्महत्या का मामला तुल पकड़ते जा रहा है। मृतक छात्रा केथर गोदारा के माता-पिता के राजस्थान से आने के बाद छात्रा की मौत का मामला आत्महत्या के बजाय हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। क्योंकि मृतक छात्रा के पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से इस मामले में जांच की मांग की है।

बता दे कि इस मामले को लेकर जिले के सांसद भी काफी संवेदन शील है। सांसद संतोष पांडे मृतक छात्रा के माता पिता से मिल कर ढाढंस बंधाया व आश्वासित किया कि उसकी पुत्री की हत्या अथवा आत्महत्या के मामले को लेकर स्वयं एसपी मोहित गर्ग से मिलेंगे व जांच की मांग करेंगे। सांसद संतोष पांडे ने रविवार को बजट पर संवाद कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि वे देर रात मेडिकल कालेज पहुंचे हुए थे। वहां उनके अचानक पहुंचने से छात्र-छात्राएं एकत्रित हो गए व उनके स्वागत की तैयारी की जाने लगी। इस बीच सांसद पांडे ने कहा कि वे नर्सिंग छात्रा की मौत के मामले में उनके साथ खुल कर चर्चा करने आए है। अभी उनके परिजन अंतिम संस्कार और उसके बाद की रस्मों को निभाने में लगे हुए है। उन्हें पता चला कि मृतका पढ़ाई में टापर थी। सांसद श्री पांडे ने मृतिका केसर गोदारा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि आर्पित की।

**एसपी से मिलकर मृतक छात्रा के मामले में जांच की करेंगे मांग**

बता दे कि गुरूवार को तड़के अपनी सहेली को फोन पर रिप्लाई देने के बाद बीकानेर राजस्थान की एमबीबीएस की अंतिम वर्ष की छात्रा केसर गोदारा ने अपने कक्ष में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अब इस मामले में नए-नए तथा सामने आ रहे है। खबर के मुताबिक उक्त 24 वर्षीय छात्रा ने डिप्रेशन और गोली दावा के चलते आत्महत्या की है। अब इस मामले में जांच के घेरे में मेडिकल कालेज प्रबंधन भी आ गया है।

## खैरागढ़ के पूर्व राजकुमार लाल शंकर बहादुर सिंह (पप्पा जी) की द्वितीय पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। आज 28 जुलाई 2024 को शहर के हदय स्थल में स्थित रॉयल किड्स कान्वेंट के आशीर्वादक, प्रेरणास्त्रोत, अनुशासन प्रिय, समदर्शी, समभाव व्यक्तित्व के धनी श्री लाल शंकर बहादुर उर्फ पप्पा जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर रॉयल किड्स स्टॉफ एवं समस्त परिजनों द्वारा उन्हें याद किया।

इस अवसर पर प्रांगण पर स्थित उनकी मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, श्रीमती सविता जेबी सिंह, संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह एवं श्रीमती पूजा सावंत सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रीमती इला श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती पुष्पा आनंद बहादुर सिंह, श्रीमती भारती सिंह, श्रीमती आरती सिंह, श्रीमती प्रीति सिंह, श्रीमती जागृति सिंह एवं शाला के तीनों बोर्ड के प्राचार्य एवं समय स्टाफ द्वारा पप्पा जी की स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा एवं धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इसी अवसर पर शाला के एकेडमिक डॉयरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल द्वारा पप्पा जी को याद करते हुए उनके अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा व्यक्तित्व को याद करते सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

## मधुसूदन यादव ने भूतपूर्व सैनिक बस को तिरंगा झंडा दिखाकर किया रवाना



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में शामिल होने राजनांदगांव जिले के पूर्व सैनिकों को भाजपा पूर्व सांसद प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव जी द्वारा तिरंगा झंडा लहराकर रवाना किया गया।

**महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज रायपुर में**

कार्यक्रम में शामिल होने लिए जिले के भूतपूर्व सैनिक बसंत रावटे, गुरमीत सिंह भाटिया, संतोष सिंह, उमेश गांगबेर, गुमान दास साहू, संजय सिंह पवार, विनोद यादव, युगल किशोर वर्मा, भोजेश्वर गंजीर, पियूष साव, कन्हैया साहू, अशोक झा, ईश्वर सिंह जागृत, पुरेंद्र साहू, चंद्रकांत निषाद, अमर साव, आर के मिश्रा, कलीराम, अखिलेश सिंह, बी एल सिन्हा, उमा कुमार सिन्हा, कमलेश विज्याबार, जनक विश्वकर्मा, अंगेश्वर सिन्हा सहित जिले के पूर्व सैनिक रवाना हुए।

## पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में पैदल की गई पेट्रोलिंग



राजनांदगांव (दावा)। रविवार 28 जुलाई को पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकों क्षेत्रों की पैदल पेट्रोलिंग की गई। इसमें थाना प्रभारी सहित थानों के बल भी शामिल थे। बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम सहित अपराधियों पर नकेल कसने व लोगों के बीच सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर उक्त पैदल पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश सहित अपराधिक तत्वों को अपराधों से दूर रहने की हिदायतदी गई है। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी गली, मोहल्ले व शहर के आँउटर कॉलोनियों के साथ-साथ चप्पे-चप्पे में पहुंची।

असमाजिक तत्वों पर नकेल कसने पेट्रोलिंग

बताते चलें कि इन दिनों जिले में चोरी की घटना बढ़ने के संभावनाओं को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को पैदल पेट्रोलिंग करने कहा गया है इसमें शहर भ्रमण के दौरान संदिग्धों से पूछताछ करना, गुंडा बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वो पर सतत् निगाह रखने व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान मोटर सायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी ली गई। अनावश्यक घुमने वाले मंचलों को रात्रि में घर पर रहने की समझाईश दी गई। इसी प्रकार जिले के सभी अनुविभाग/ थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ पैदल पेट्रोलिंग किया। पैदल पेट्रोलिंग से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और गुंडा बदमाशों में भय बना रहेगा।

## खेल सुविधा बढ़ाने के लिए डॉ. रमन सिंह का धन्यवाद



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को राजनांदगांव की खेल सुविधा बढ़ाने हेतु धन्यवाद दिया है।

श्री चौधरी ने कहा है कि डॉ. रमन सिंह के द्वारा केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडवीया से स्टेडियम में सिंथेटिक कोर्ट के अलावा एक मल्टीपरपज हाल जिसमें बहुत सारे खेल हो सकेंगे एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैदान में नया एस्ट्रोटर लगाने हेतु खेल मंत्री से चर्चा कर 35 करोड़ की स्वीकृति ले ली है।

उन्होंने कहा कि शहर के विधायक हाउस में 10 दिन पहले ही सभी खेल संघों से चर्चा कर सभी कार्यों के लिए अनुमति ले लेना राजनांदगांव के विकास के लिए डॉ. रमन सिंह की तत्परता स्वागत योग्य है। श्री चौधरी ने सभी खेल संघ की तरफ से डॉ. रमन सिंह एवं खेल मंत्री मनसुख मांडवीया को इसके लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## सी मार्ट के बाहर रखी वाहन की चोरी

### 0 जांच में जुटी पुलिस

राजनांदगांव(दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नीलगिरी पार्क रोड की सी मार्ट दुकान के बाहर खड़ी वाहन की किसी ने चोरी कर ली। सी मार्ट, दुकान के मालिक श्रेणिक डाकलिया ने वाहन चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। बताया जाता है कि 26 जुलाई को अपने भाई श्रेयांस डाकलिया का दुपहिया वाहन टीवीएस ज्यूपिटर क्रं. सी.जी.08-एस-8119 लेकर अपनी दुकान पर गए थे। रात के 9 बजे उन्होंने दुकान बंद कर वाहन को परिसर में छोड़ दिया और अपनी कार से घर लौट आए। सुबह 10 बजे जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो उनका ज्यूपिटर वाहन वहां से गायब था।

आसपास खोजबीन करने पर भी वाहन का कोई पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि सी मार्ट वाले की वाहन चोरी के अलावा दुकान की दीवार तोड़ने का भी प्रयास किया गया है।

इसके पीछे भी अज्ञात आरोपी की नीयत चोरीर की रही होगी। बसंतपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 62 नगरीय निकायों की खुली पोल, रिपोर्ट में हुआ खुलासाः 711 करोड़ की हुई गड़बड़ी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा ने स्थानीय नगरीय निकायों को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें बड़े पैमाने में गड़बड़ियां और लापरवाही सामने आई है। इससे नगरीय निकायों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। राज्य संपरीक्षा ने 62 निकायों में 11 वित्तीय वर्ष का ऑडिट किया है। इन निकायों में 711 करोड़ से अधिक की ऑडिट आपत्ति सामने आई है। सबसे ज्यादा बकाया मांग, कर व शुल्क जमा नहीं करने को लेकर आपत्ति है। यह राशि 316 करोड़ की है।

जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति कर स्थानीय निकायों के कुल आय को 30-40 फीसदी हिस्सा होता। इसके बावजूद निकायों ने इसके समुचित दोहन का प्रयास नहीं किया है। इसके अलावा नगरीय निकाय गबन की गई राशि को भी वसूलने में नाकाम साबित हुए है। निकायों ने गबन के बाद 10 लाख से अधिक की राशि वसूल नहीं कर सकी है। वहीं नौ ऑडिट में यहां भी पाया गया है कि कई निकायों ने कुछ मामलों में भंडार क्रय नियम की अनदेखी कर सामग्री खरीदी की है।

### सरकार से पैसा मिला कम, खर्च ज्यादा

रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया है कि नगरीय निकायों को योजना और अनुदान मद से जो राशि मिलती है, उससे ज्यादा खर्च की गई है। 35 निकायों में से चार निकायों ने 31 मार्च 2022 की स्थिति में 45 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इसमें नगर निगम बिलासपुर व राजनांदगांव के साथ नगर पालिका परिषद अहिवारा और नगर पालिका परिषद कुम्हारी का नाम शामिल हैं।

### बिना बिल के कर दिया भुगतान

रिपोर्ट में नगरीय निकायों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए हैं। वर्ष 2016-17 में नगर निगम भिलाई ने 4 लाख 85 हजार से अधिक रकम का भुगतान बिना बिल के कर दिया। इसी अवधि में भिलाई नगर निगम अवैध टॉवरों से वसूली नहीं कर सकी। इससे 7 लाख से अधिक का नुकसान हुआ। इसी प्रकार वर्ष 2017-18 में नगर पालिका परिषद रतनपुर ने यूजर चार्ज की वसूली नहीं की। इससे 11 लाख से अधिक के नुकसान होने की आशंका जताई गई है। नगर पालिका परिषद भाटापारा में भी इसकी प्रकार की लापरवाही की गई है।

### प्राइवेट एजेंसी से कराया विज्ञापन

नगर निगम बिलासपुर से वर्ष 2017-18 के बीच शासकीय एजेंसी की जगह प्राइवेट एजेंसी से विज्ञापन कराया। इससे निगम को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसी प्रकार बिरगांव नगर निगम में निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में पूरा नहीं होने पर विलंब शुल्क में कटौती नहीं की गई। राजनांदगांव नगर निगम ने प्रभारी सहायक अभियंता को अधिक वेतन का भुगतान किया।

## सरेंडर हुई महिला नक्सली ने किया बड़ा खुलासा, आतंकी जवानों पर झूठे इल्जाम लगाने ऐसे करते है प्रोपेगेंडा



राजनांदगांव (दावा)। नक्सल विरोधी अभियान के तहत गढ़चिरौली पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। गढ़चिरौली क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय कई घटनाओं में शामिल एक हार्डकोर महिला नक्सली ने लाल आतंक का रास्ता छोड़कर पुलिस के सामने हथियार डाल आत्मसमर्पण की है।

महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के कारण और हिंसा के जीवन से तंग आकर नक्सलियों द्वारा पुलिस के सामने आत्म समर्पण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को कई घटनाओं में शामिल एक महिला नक्सली रिना बोर्रा नरोटे ऊर्फ ललीता ने गढ़चिरौली पुलिस के सामने आत्म समर्पण की है।

नक्सली रिना बोर्रा माओवादियों के गढचिरौली विभाग को पूरी सामग्री की उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार थी और कई घटनाओं में शामिल थी। रिना बोर्रा 2006 मे पेरमीली दलम में भर्ती हुई थी। इस दौरान वह 2020 में पेरमिली भट्टी वन क्षेत्र में हुए मुठभेड में सीधे तौर पर शामिल थी। वर्ष 2019 में नैनवाडी वन क्षेत्र में हुए एक निर्दोष व्यक्ति के खून मे सीधे तौर पर शामील थी। रिना बोर्रा ने आत्म समर्पण के कारणों का पुलिस के सामने खुलासा करते हुए बताया कि दलम के वरिष्ठ नेता आंदोलन एवं लोगो के लिए पैसा इकठ्ठा करवाते थे। रकम को वरिष्ठ माओवादी विकास कार्य के लिए न करते हुए स्वयं के लिए इस्तेमाल करते हैं।

## युगांतर में नर्सरी के बच्चों ने मनाया ग्रीन डे




राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री- प्राइमरी कक्षा के नन्हें विद्यार्थियों ने हरे साग-सब्जी और फलो की जानकारी प्राप्त करके ग्रीन डे मनाया। इन बच्चों ने शिमला मिर्च, पत्ता गोभी, खीरा आदि सब्जियों के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ये सब्जियां हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। इसके अलावा इन बच्चों ने फलों और सब्जियों के चित्रों में कलरिंग भी की। विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण भी किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने इस आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि नन्हें विद्यार्थियों को हरी सब्जियों का विस्तार से ज्ञान देना और प्रकृति की हरियाली से जोड़ना ही इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य रहा है। इसके अलावा ये बच्चे हरी भरी प्रकृति की सुंदरता से परिचित हो सके और प्रकृति के महत्व को भी समझ सके।इन सभी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए ग्रीन डे मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्री प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज ओजस्वी यादव के द्वारा प्री प्राइमरी कक्षा की शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने इस आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है।

## बर्ड वॉक : विलुप्त प्रजातियों की चिड़िया की खोज में निकले पर्यावरण प्रेमी



राजनांदगांव(दावा)। 28 जुलाई को सुबह 6 बजे, ग्राम-टोलागाँव में बर्ड वॉक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अलग-अलग चिड़िया की प्रजाति, जैसे कि कॉमन टेलरबर्ड, इंडियन पैराडाइस फ्लाईक्तचेर, वाइट-थ्रोअटेड किंगफिशर, इंडियन सिल्वेरबिल, रेड वेंटेड बुलबुल, ग्रेटर कूकल, एशियान कोयल, लिटिल स्विफ्ट, प्लैन प्रिनिया, इंडियन करमोरांत, रोज रिंगएड पैराकीट, इंडियन रोलर, ओरिएंटल मैगपाई रोबिन को देख गया। इस आयोजन में राजनांदगांव की फारेस्ट रेंज अफसर श्रीमती प्रगति ठाकुर, फारेस्ट गार्ड भावदास और राजनांदगांव के निवासी शिक्षक तरणडीप अरोरा, भाजपा नेता शिवम यादव, ऐमटॉन के कार्यकर्ता शिवम दुबे, इन्वेस्टमेंट सलाहकार अनिरुद्ध जैन, सीजीपीएससी दावेदार ऋचा मेहरा, हर्षा वर्मा, एग्रीकल्चर स्नातक लिकेश साहू, साक्षी यादव, आठवी कक्षा से प्रखर भुनेश्वर सम्मलित थे और पर्यावरण के प्रति अपने जिम्मेदारियों को समझा। आयोजन के संचालक सौरव कुमार मेहरा ने राजनांदगांव के इतिहास में पहली बार बर्ड वॉक का आयोजन कराया तथा लोगों को पर्यावरण और चिड़िया के प्रति जागरूक कराया। भविष्य में इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए संपर्क करें - 9827061684।

## टूटे सीसी रोड़ ने बारिश में ग्रामीणों की बढ़ाई परेशानी, मिट्टी गीली होकर दलदल में बदली



डोंगरगांव(दावा)। ग्राम पंचायत कोकपुर में नल-जल योजना के तहत वार्ड नंबर 01 के गली में पाइप लाइन डाली गई और इस गली के सीसी रोड़ को लगभग चार माह पूर्व तोड़कर छोड़ दिया गया है। अब बरसात में इस रास्ते में कीचड़ और दलदल बन गया है, जिससे लोगों को आने में परेशानी हो रही है। गांव में पाइप लाइन डालने का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन टूटे सीसी रोड़ को दुरुस्त नहीं किया गया है। इतना ही नहीं खुदी हुई सड़क से जब बारिश का पानी निकला तो इस सड़क पर कहीं कहीं एक से दो फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं।

जिससे गली से वाहन निकालना तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। वार्डवासी राजेश साहू, श्यामू साहू, कोमल पटेल ने बताया कि हमें प्रतिदिन सुबह उठकर काम - काज में जाना पड़ता है और ऊबड़- खाबड़ व दलदल गली पर चलने में बहुत परेशानी होती है।

## अनमोल दावा

**कोई हमारा बुरा करे, वे उसका कर्म है लेकिन हम किसी का बुरा न करें, ये हमारा धर्म है...।**

## भारत की ओलंपिक उम्मीदें

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 53वें ओलंपिक खेलों का आगाज हो गया। 'प्रेम की नगरी' में ये खेल 11 अगस्त तक खेले जाएंगे और समन्वय, सौहार्द और स्नेह के असंख्य उदाहरण पेश किए जा सकते हैं। दुनिया के 206 देशों के 10,714 खिलाड़ी ओलंपिक में शिरकत करेंगे। उनमें से भारत के 117 खिलाड़ी 16 खेलों और 69 इवेंट्स में पदक और राष्ट्र के सम्मान के लिए जूझेंगे। करीब 100 साल पहले 1924 में भी पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें पहली बार भारतीय दल ने अधिकृत तौर पर भाग लिया था। भारत की पहली महिला खिलाड़ी ने भी उसी ओलंपिक में हिस्सा लिया था। इतिहास उसी को दोहरा रहा है, लेकिन आज भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। खिलाडियों के हुनर को तराशने और विश्वस्तरीय बनाने के मद्देनजर भारत ने खिलाड़ियों पर 470 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सबसे ज्यादा 96 करोड़ रुपए एथलेटिक्स पर खर्च किए गए हैं, लिहाजा पदकों की उम्मीदें भी देश कर रहा है। बैडमिंटन में दो बार ओलंपिक पदकवीर पीवी सिंधु और 5वीं बार ओलंपिक खेल रहे, 42 वर्षीय, टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरथ कमल भारतीय खिलाड़ी दल के ध्वजवाहक बने। यह भी राष्ट्रीय सम्मान है। इस बार सबसे अधिक खिलाडियों ने ओलंपिक की पात्रता हासिल की है, लिहाजा सबसे अधिक खिलाड़ी भेजे गए हैं। भारतीय दल में कई विश्व चैम्पियन खिलाड़ी हैं-नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), अंतिम पंघाल (कुश्ती) और मनु भाकर (निशानेबाजी) आदि। कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं-सात्विक चिराग की जोड़ी, लक्ष्य सेन, सिंधु (सभी बैडमिंटन खिलाड़ी), विनेश फोगाट (कुश्ती), मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) और पुरुष हॉकी टीम। काश! शतरंज और क्रिकेट भी ओलंपिक खेलों में शामिल होते, तो उनके खिलाड़ी भी विश्वस्तरीय श्रेणी में गिने जाते! भारत में खेल मंत्रालय का बजट 3442 करोड़ रुपए तय किया गया है।

यह देश के जीडीपी का मात्र 0.01 फीसदी से भी कम है। पश्चिम में कई विकसित देश खेलों पर 0.2 फीसदी से 0.6 फीसदी तक खर्च करते हैं। भारत में प्रति नागरिक औसतन 25 रुपए खेल पर खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भारत की उम्मीद है कि इस बार उसके खिलाड़ी पदकों की दहाई पार करेंगे। 2004 में ब्राजील ने 10 पदक जीत कर अपना लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते थे। देश के लिए वह महान उपलब्धि थी, क्योंकि अधिकतर खेल मुकाबलों में भारत पदकहीन ही रहता आया है। इस बार एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी आदि खेलों में पदकीय जीत की उम्मीदें कर सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन खेलों के खिलाडियों ने विश्व चैम्पियन टीमों और खिलाड़ियों को भी मात दी है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि टोक्यो ओलंपिक में हॉकी की जिस महिला टीम ने चौथा स्थान हासिल किया था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई। यह खेल और प्रशिक्षण के हरेक स्तर की अयोग्यता है। भारोत्तोलन में कोई भी पुरुष खिलाड़ी ओलंपिक का पात्र नहीं समझा गया। महिला वर्ग में भी मीराबाई चानू अकेली ही दायित्व उठा रही है। उनके बाद कोई भी दूसरी महिला खिलाड़ी ओलंपिक के स्तर की नहीं है। जिम्नास्टिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व शून्य है। तलवारबाजी में भवानी देवी का कोई भी उत्तराधिकारी नहीं है और पुरुष पहलवान भी एक रह गया है। यदि हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं, तो इन खेलों पर भी चिंतन-मनन करना पड़ेगा, जिनका ओलंपिक स्तर का एक भी खिलाड़ी 143 करोड़ की आबादी वाले देश में नहीं है। आज निशानेबाजी में 21 खिलाडियों ने ओलंपिक की पात्रता हासिल की है। तीरंदाजी में भारत की पुरुष और महिला टीमें सीधा क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। बेशक यह महत्वपूर्ण जीत है, लेकिन लक्ष्य अभी दूर है। सरकार को खेलों की विपन्नता वाले क्षेत्रों में प्रयास करने चाहिए। कई खेल ऐसे हैं, जो भारत में पारंपरिक नहीं रहे, ठोस विरासत भी नहीं है, लेकिन खिलाड़ी विश्वस्तरीय पैदा हो रहे हैं।

# हर साल परीक्षाओं में अखिल भारतीय स्तर पर समस्या

**अजीत द्विवेदी**

दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर ने कहा है कि देश के इस सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र दो हफ्ते आगे बढ़ गया है क्योंकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली अखिल भारतीय परीक्षा यानी सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट, सीयूईटी के नतीजे नहीं आएं हैं। पहले से तय कैलेंडर के मुताबिक 30 जून तक नतीजे आ जाने थे। लेकिन सीयूईटी की परीक्षा का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने 30 जून तक आंसर की भी जारी नहीं किए। आंसर की जारी होने के बाद कम से कम 10 दिन का समय लगता है अंतिम नतीजे आने में। एनटीए ने आंसर की तो जारी कर दी है लेकिन नतीजे का इंतजार अब भी हो रहा है ताकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले की शुरुआत हो सके। दाखिला होने के बाद ही तो अकादमिक सत्र शुरू होगा!

इस बीच देश के एक दूसरे अंतरराष्टीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय जेएनयू ने स्नात्तकोत्तर यानी पीजी में दाखिले के लिए अपनी परीक्षा अलग कराने पर विचार शुरू कर दिया है। इसका मतलब है कि एनटीए पर से उसका भरोसा डोल गया है और उसको लग रहा है कि अगर एनटीए के भरोसे रहे तो उसका भी अकादमिक सत्र धीरे धीरे पिछड़ता जाएगा। तीसरी खबर यह है कि विश्वविद्यालयों में लेक्चरर की पात्रता तय करने के लिए होने वाली यूजीसी नेट की परीक्षा अगस्त के महीने में होगी। यह परीक्षा 18 जून को हुई थी और पेपर लीक की आशंका के चलते 19 जून को परीक्षा रद्द कर दी गई थी।

परीक्षा रद्द करते ही इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई, जिसने बताया है कि इसका पेपर लीक नहीं हुआ था। किसी छात्र शरारतपूर्ण तरीके से एक फर्जी पेपर सोशल मीडिया में डाल दिया, जिसे एनटीए ने असली समझ कर परीक्षा रद्द कर दी। सोचें, एनटीए ने सोशल मीडिया में वायरल पेपर का यूजीसी नेट के असली पेपर से मिलान करने की जरुरत भी नहीं समझी। उसे भारत सरकार की एक एजेंसी से सूचना मिली की पेपर ऑनलाइन उपलब्ध है और उसने परीक्षा रद्द कर दी! यह अलग बात है कि नीट यूजी की परीक्षा के पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद भी एनटीए ने उस परीक्षा को रद्द नहीं किया है और सुप्रीम कोर्ट में जी तोड़ प्रयास किया कि परीक्षा रद्द नहीं हो। दोनों परीक्षाओं के प्रति उसके अलग अलग रवैए का कारण समझाना मुश्किल है।



बहरहाल, प्रवेश और प्रतियोगिता परीक्षाओं की इन गड़बडियों और शिक्षा व्यवस्था पर पड़ते इनके प्रभाव को लेकर सहज रूप से पूरे देश में चिंता है। सरकार ने %एक देश, एक परीक्षा' और %एक देश, एक शिक्षा' की नीति के चक्कर में सबको मुश्किल में डाला है। ऐसा लग रहा है कि सरकार एक देश, एक सब कुछ से ऑबसेस्ड है। %एक देश, एक चुनाव', %एक देश, एक टैक्स', %एक देश, एक कानून' आदि इसी का नतीजा हैं। यह सब कुछ बिना ये सोचे हो रहा है कि भारत किसी यूरोपीय या अफ्रीकी या लैटिन अमेरिकी देश की तरह का देश नहीं है, जहां पूरी आबादी एक तरह की है और जहां एक तरह की शिक्षा, संस्कृति, भाषा, खान-पान, पहनावा प्रचलित है। भारत एक विशाल देश है, जिसमें असीमित विविधताएं हैं। यहां एक देश, एक सब कुछ का ऑब्सेशन नुकसान पहुंचाने वाला साबित हो सकता है। यह बात परीक्षा और शिक्षा दोनों के मामले में भी सही है। यहां आबादी 140 करोड़ है और एक परीक्षा में इतने लोग शामिल होते हैं, जितनी कई देशों की आबादी होती है। इसलिए इतनी बड़ी परीक्षाएं एक साथ आयोजित करने की जिद सरकार को छोड़ देनी चाहिए। मेडिकल, इंजीनियरिंग से लेकर विश्वविद्यालयों में दाखिले की जिम्मेदारी राज्यों पर छोडऩी चाहिए।

राज्यवार परीक्षाएं होंगी तो उनके आयोजन की जिम्मेदारी राज्यों के ऊपर होगी। दूसरे, उनमें एक बार में कम छात्र शामिल होंगे और गड़बड़ी होने पर उनका असर भी सीमित होगा। तीसरे राज्य अपनी जरुरत के हिसाब से चयन करेंगे। केंद्र सरकार को केंद्रीय एजेंसियों के जरिए सिर्फ अखिल भारतीय सेवाओं में बहाली की परीक्षाएं ही आयोजित करनी चाहिए। सिर्फ नीट यूजी की परीक्षा, जिस पैमाने पर हुई उससे समझा जा सकता है कि केंद्रीकृत परीक्षा व्यवस्था बनाने से कितनी मुश्किलें हैं। इस एक परीक्षा में 24 लाख छात्र शामिल हुए और एक बार में 4,750 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। इतनी बड़ी परीक्षा आयोजित करना किसी भी एजेंसी के लिए बहुत मुश्किल काम है। इतने परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र पहुंचाना, परीक्षा के बाद आंसर शीट को संभालना, उसकी देखभाल करना और यह सुनिश्चित करना कि न पेपर लीक हो और न परीक्षा के बाद आंसर शीट में कोई छेड़छाड़ हो, मुश्किल काम है। इसमें हमेशा किसी न किसी किस्म की गड़बड़ी की आशंका बनी रहेगी।

बहरहाल, परीक्षा की व्यवस्था को केंद्रीकृत करने का क्या नुकसान है यह नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए और नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी यानी एनआरए की विफलता से प्रमाणित है। इस साल एनटीए की चार परीक्षाएं सवालों के घेरे में हैं, जिनमें से एक रद्द हो गई, दो की तारीख बढ़ी और एक का मामला कोर्ट में पेंडिंग है। इस संस्था को 14 लोगों की एक ऐसी टीम चला रही है, जिसके सभी अधिकारी अलग अलग विभागों से डेपुटेशन पर आए हैं। इस एजेंसी ने परीक्षा से जुड़ा सारा काम आउटसोर्स किया है। यानी ठेके पर काम कराया जा रहा है। जहां तक राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी यानी एनआरए का मामला है तो यह एजेंसी चार साल से टेकऑफ ही नहीं कर पाई है। चार साल पहले इसका गठन हुआ था और अभी तक इस पर 58 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं लेकिन इस एजेंसी ने एक भी परीक्षा नहीं कराई है। 2020 में बनी इस एजेंसी को पहला टेस्ट 2021 में कराना था लेकिन 2024 तक यह एजेंसी एक भी परीक्षा आयोजित नहीं कर पाई है।

इस बीच सरकारी भर्ती करने वाली तीन एजेंसियों स्टाफ सेलेक्शन कमीशन यानी एसएससी, रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड यानी आरआरबी और इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन यानी आईबीपीएस ने कहा है कि वे अपनी अलग परीक्षाएं आयोजित करते रहेंगे। सोचें, अगर एक केंद्रीकृत परीक्षा होती है और ऊपर से इन तीन एजेंसियों की परीक्षा भी होती है तो कितना कंफ्यूजन होगा? सरकार अगर एक देश, एक परीक्षा की जिद छोड़ दे तो सारे कंफ्यूजन से मुक्ति मिल सकती है। सरकार को यह समझ लेना चाहिए कि पूरे देश में और हर तरह की पढ़ाई या नौकरी के लिए एक परीक्षा नहीं हो सकती है। सारी नौकरियों के लिए एक परीक्षा से पात्रता तय नहीं की जा सकती है और न सारे विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए एक परीक्षा से पात्रता तय करनी चाहिए और न भारत जैसी बड़े व विशाल आबादी वाले देश में सारी प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन का जिम्मा किसी एक एजेंसी को दिया जा सकता है। अगर सरकार इस जिद पर अड़ी रही तो हर साल परीक्षाओं में अखिल भारतीय स्तर पर समस्या आती रहेगा।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 217: श्री राम ने पिता के भवन जाने से पूर्व प्रजा को दर्शन दिए

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



पास आते हुए सैनिक ने कहा, ''प्रणाम राजकुमार! प्रजा, महाराज दशरथ और राज परिवार के सदस्यों के दर्शन करना चाहती है। मंत्री जयंत ने प्रजा के सम्मुख यह घोषणा भी की है कि अभिषेक स्थल में विधिवत कार्यक्रम होगा तथा आप सब वहीं प्रस्थान करें लेकिन प्रजा है कि राजप्रासाद से ही राज परिवार के समूह के साथ उनकी अगवानी करते हुए एक भव्य शोभा यात्रा के रूप में अभिषेक स्थल तक पहुंचना चाहती है।''

''तो यह बात है,अप्रतिम!यह प्रजा का अतिशय प्रेम है सैनिक! वास्तव में अयोध्या की प्रजा का हर एक सदस्य विराट अयोध्या राज परिवार का एक सदस्य ही है। मैं भी तो प्रजा ही हूं।आओ सैनिक क्षण भर के लिए उनसे संवाद कर लें।''

जिस शीघ्रता के साथ श्री राम अपने पिता से भेंट के लिए माता के भवन की ओर दौड़ पड़े थे, वे उसी शीघ्रता के साथ पर्याप्त ऊंचाई पर बने हुए उस चौबारे की ओर चल पड़े।

अयोध्या! अद्भुत नगरी! इंद्र की अलकापुरी को फीका करता यहां का वैभव और यहां की भव्यता लेकिन इसके राजा और राजकुमार से लेकर प्रजा तक प्रेम के एक अद्भुत बंधन में बंधे हैं।प्रेम का यह अदृश्य बंधन जो लौह श्रृंखलाओं से भी अधिक शक्तिशाली है।

इस चौबारे से उत्सव में डूबी अयोध्या नगरी का विहंगम दृश्य दिखाई देता है। अब सूर्योदय होने के साथ ही दीप पंक्तियों की टिमटिमाहट ओझल हो चुकी है और तारे भी नेपथ्य में जा चुके हैं। अयोध्या के अनेक भागों में नृत्य और संगीत के कार्यक्रम रात भर चलते रहे। अभी भी उन भागों से कोलाहल सुनाई दे रहा है।

श्री राम चौबारे पर पहुंचे और उन्होंने अपने दोनों हाथ जोड़कर प्रजा का अभिवादन किया। श्री राम को देखकर जनता उत्साहित हो गई। वहां एकत्र विशाल जन समुदाय ने राजकुमार राम की जय के नारे लगाए।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### //जंगल में क्रिकेट//

हाथी भालू चीता बंदर।
बैट बॉल लेकर आए।।
हिरण लोमड़ी बारी-बारी।
दोनों तब टीम बनाए ।।
सूंड उठाकर बॉल उछाले।
खुश हो कर दादा हाथी।।
पस्त हुई चीता की हालत।
हँसे देख कर सब साथी।।
बड़े जोश में भालू भाई।
मारे जब छक्का चौका।।
रन बरसाते लगा सोचने।
आज मिला है ये मौका।।
तभी लोमड़ी बॉल फेंक कर।
खूब दिखाई चतुराई।।
हिरण हुआ रन आउट देखो।
भालू की शामत आई।



**प्रिया देवांगन ''प्रियू''**

## सामयिक कहानी

# सावन की झड़ी

परसादी लाल के जीवन का स्थायी भाव है- 'परेशानी'। वे जरा-जरा सी बात में परेशान हो जाते हैं- हास्पिटल जांऊगा तो डॉक्टर साहब मिलेंगे कि नहीं? और अगर मिल गये तो वे तो मेडिसीन प्रेसक्राइब करेंगे वह मेडिकल स्टोर में मिल तो जायेगी न! ऐसा तो नहीं कि दुकानदार परची को हाथ में रखकर बड़ी गंभीरता से कहे- ''भैया! आपकी यह दवा तो रेयर है। मुझे नहीं लगता कि यह यहाँ कहीं और दुकान में मिलें। आप कहें तो मैं रायपुर से....हाँ! आपकी परेशानी वातिब है। दवा कल नहीं, आज रविवार है बुधवार या गुरूवार तक निश्चित आ जाएगी।''और तब परसादी लाल परेशानी से पूछेंगे-''ये तीन-चार तक मैं क्या करूंगा?''

दक्ष दुकानदार चेहरे पर अपने पन की मुस्कराहट लाकर बड़े आत्मीय स्वर में कहेगा-''तब-तक आप ये टेबलेट ले जाइए। वही फार्मूला है। ऐसा समझ लीजिए, उसका जुड़वा भाई है। आपको लाभ मिलेगा।' परसादी लाल असयत भाव से कहते है-''पर तिलोक भाई! जुड़वा भाइयों के स्वभाव एक से नहीं होते, काफी अलग-अलग होते है। आप इसे रख लीजिए मैं बुधवार को आकर पता कर जाऊंगा।''

इसी तरह कभी कभार परसादी लाल को भाई से मिलने बिलासपुर जाना होता तो वे परेशानी में पड़ जाते- ''पता नहीं, गाड़ी समय पर आयेगी कि नहीं और जब आएगी तो....एक तो प्लेट फार्म पर यहीं इतनी भीड़, डिब्बे में भी यानी खूब होंगे। डिब्बे में चढ़ पाऊंगा कैसे? ट्रेन भी तो यह दो-तीन मिनट ही रूकती है और कहीं धक्के खाते-खाते किसी तरह चढ़ भी गया तो फिर डिब्बे में सीट...? कही भीड़ में दबे-सिकड़े खड़े-खड़े रायपुर तक न जाना पड़े। मैंने तो उन्हें कहा था, एक नहीं कई बाद कहा था- 'दादा! आप यहीं या दुर्ग-डोंगरगढ़ ट्रांसफर करा लो पर उन्होने बात सुनी ही नहीं। उन्हे तो बिलासपुर ही पंसद है। खैर! अब कहॉ बिलासपुर जाना। भतीजें मनोहर की शादी तो चार महीने बाद देव उठने के बाद ही होगी।। पर वे निश्चित कहॉ हो पाते ''अरे राम रे! ये सावन की झड़ी ऐसा कि लगातार दिन-रात पानी गिरते ही जा रहा है। रूकने का नाम नहीं। पता नहीं कब थमेगी ये सावनी बरसात!''

परसादी लाल उद्विग्न हो गये। मौसम विज्ञानी जो कहते है, उन्होने देखा है उसमें काफी फर्क होता है। अपने बहुज्ञानी गजाधर भैया भी नहीं। बेटे-बहू-नातियों से मिलने पंद्रह दिन हुअ मुम्बई चले गये। यहॉ होते तो पूछता- ''ये झड़ी कब थमेगी?'' वे मुस्कराते हुए अपने मोहक अन्दाज में ऐसा मनोरंजन उत्तर देते कि इस परेशानियों की झड़ी में वासन्ती पवन बहने लगती। वे उधर फ्लोरा फाउन्टन धूम रहे होंगे सबके साथ खुशी-खुशी और हम यहाऊ बिचकते बरसाती कीचड़-पानी से। खैर, गजाधर भैया का अपना मुम्बई का सुख है, हमारा तो बेटा ही नहीं।''

एकाएक परसादी लाल अपनी खरहर खाट से उठ खड़े हुए। सोचा- ''गजाधर भैया नहीं तो क्या, बानी बाबू तो यहां है। वे भैया के अभिन्न मित्र। बानी बाबू भी उनकी संगति में ज्ञानी व व्यवहार कुशल हो गये है। उनसे बातें करेंगे तो बात से बात निकलेगी। इस बोरियत की झड़ी में मजे से समय कटेगा।'' परसादी लाल बरसाती जूता, बरसाती कोट पहनकर और बारह कॉड़ी का छाता तान कर पहुँच गये बानी बाबू छोट से, सुन्दर मकान में।

गजाधर विहीन बैठक में बानी बाबू तखत पर अकेले बैठे-बैठे अखबार पढ़ रहे थ। परसादी बाबू को देख उनके चेहरे पर प्रसन्न मुस्कराहट उमर आई। लहक कर बोले-'' आइए!! इधर सोफे पर आराम से बैठिए।

देखिए, गजाधर होते तो उनसे, ये नगर निगम के शहर परिसीमन पर, कांग्रेस की लगाई याचिका पर, हाईकोर्ट के स्टे बाबत चर्चा करता। अब आप आ गये है तो आप बताइए कि...।''

परसादी लाल बीच ही में बोल उठे-''मैं क्या जानू बानी भाई! परिसीमन से जिनको परेशानी है, वे जाने। मैं तो भैया! सच कहूँ-ये झड़ी से बेहद परेशान हो गया हूँ। इसने तो मेरे हर काम पर 'स्टे' लगा दिया है। कुछ भी नहीं कर पा रहा हूँ। क्या करूँ, कैसे करूँ? कुछ समझ नहीं आ रहा है। मैं तो आपसे यह पूछने आया था कि ये परेशानियों से भरी, ये झड़ी कब खत्म होगी? आप गजाधर भैया के जिगरी दोस्त, आप बखुबी बता सकते हैं कि इस मुसीबत से कब हमको निजात मिलेगी?'' ये झड़ी कब झड़ेगी?''

बानी बाबू ने स्मित मुस्कान एवं शान्त दृष्टि से परसादी लाल को देखा। बोले-मैं तो मौसम पारखी नहीं हूँ भाई! मैं क्या बताऊँ? मैं तो ऐसे समय में जब अखबार पढ़ते-पढ़ते ऊब जाता हूँ तो जायका बदलने प्याज का भजिया खाता हूँ या फिर बनफूल, बंगला कथाकार को कहानियां पढ़ने लगता हूँ। हॉ! याद आया मेरी पत्नी, मुन्नू की मॉ अवश्य झड़ी एक्स्पर्ट है।तो वो.....।''एकदम चकित मुस्कराते हुए दबे स्वर में कहा-''हॉ भाई झड़ी एक्स्पर्ट! मालूम वो जब-तब 'क्रोध की झड़ी' लगाती रहती है। तो वा सही-सही बता सकती है कब खत्म होगी ये....।''

परसादी लाल ने हॅसते हुए बात पूरी की सावन की झड़ी।



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल



**मेष** - आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। आपको कोई बड़ा फायदा होने के संकेत हैं।



**वृषभ** - आज नये कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका कोई खास काम पूरा होगा।



**मिथुन** - आज आपकी कम्पनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे।



**कर्क** - आज ऑफिस में एक्स्ट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज किसी तरह के तर्क-वितर्क में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।



**सिंह** - आज कोई खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए।



**कन्या** - आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आप जुड़ेंगे। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आप खुशी महसूस करेंगे।



**तुला** - आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त हो जाएगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी।



**वृश्चिक** - आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा।



**धनु** - आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे।



**मकर** - आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जायेगा।



**कुंभ** - आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।



**मीन** - आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -132

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 131का हल**



# विगत 6 वर्षो से क्षतिग्रस्त हो रहा है छिपा स्थित स्टापडैम

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत छिपा स्थित नदी में बने स्टॉप डैम के क्षतिग्रस्त हो जाने से किसानों सहित आम जनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 20 लाख की लागत से निर्मित स्टाप डैम पिछले 6 साल से लगातार क्षतिग्रस्त हो रहा है। संबंधित विभाग द्वारा काम चलाऊ कार्य करने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विभाग को कई बार अवगत कराया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि, क्षतिग्रस्त स्टाप डैम ग्राम छिपा के मुख्य स्टाफ डेम में से एक है। इसमें पानी रुकने से गांव में नल जल वाटर रिचार्ज होने से 200 परिवारों को नल के माध्यम से पानी मिलता है एवं गांव के सभी कुआं बोरिंग बोर रिचार्ज होता है। विभाग द्वारा उचित निर्माण कार्य अथवा मरम्मत कार्य नहीं करने के कारण पिछले चार वर्षो से पंचायत के द्वारा मिट्टी से बंधवाकर पानी रोका जाता है। लेकिन बरसात आने पर पहले पानी में ही तेज बहाव के चलते मिट्टी बाधन का कार्य हर साल पानी में बह जाता है।

**20 लाख की लागत से निर्मित हुआ था डैम**




**ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी**




**ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी**

स्टाप डैम के टूटने से ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। वर्तमान सरपंच द्वारा पिछले 4 वर्ष से अवगत करा रहे हैं। उच्च अधिकारियों को जबकि कई बार संबंधित विभाग और अधिकारी द्वारा भी निरीक्षण करके भी चले गए हैं लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है इस बार तो इतना ज्यादा टूटा है की मिट्टी से बांधने लायक भी नहीं है और यहां स्टाप डेम गांव के गौठन के पास है। जिसमें पानी रुकने से मुसरा, मुसरा खुर्द सहित चार से पांच गांवों को वाटर लेवल चार्ज करता है।

# विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

## प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती सहित वरिष्ठजन हुए शामिल

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश एवं जिला भारतीय जनता पार्टी के आदेशानुसार विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक दिनांक 27 जुलाई दिन शनिवार को प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डडसेना, डोंगरगढ़ विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्रर सिंह बन्नोआना, मंडल प्रभारी मूलचंद लोधी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।



जिसमें प्रमुख रूप से आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई एवं लोकसभा चुनाव में संतोष पांडे को शहर भाजपा से 6 हजार से भी अधिक मतों से विजयी दिलाने कार्यकताओं को बधाई दी गई। साथ ही साथ नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव महामंत्री राकेश अग्रवाल द्वारा रखा गया, जिसका अनुमोदन सर्वसम्मति किया गया।

सभा को प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती ने संबोधित करते हुये कहा कि कार्यकर्ताओं को आपसी सामंजस्य बना कर आगामी नगरपालिका चुनाव के लिये तैयार रहना है, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने कहा की कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर हम पूरे वार्डो में विजयश्री का झंडा पहरायेंगे। जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डड़सेना ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी को स्मरण करते हुये कहा कि उनके प्रशस्त मेहनत के बल पर भाजपा इस मुकाम पर पहुंची है।

शहर प्रभारी मूलचंद लोधी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल अध्यक्ष अमित जैन एवं आभार नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा ने किया उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से पवन मेश्राम, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनील जैन, महेन्द्र भाई पटेल, कुलवंत सिंग कक्कड़, महेंद्र अग्रवाल, डॉ पन्नालाल बाफना, संतोष राव,विजेंद्रसिंग ठाकुर, उमा महेश वर्मा, परविंदर सिंग मोंटी, मधुसुंदन अग्रवाल, प्रदीप बाघ, सविता दरगड़, सुषमा कोठारी, लक्ष्मी यादव, वत्सला श्रीवास्तव, अचला सिंग, सुमित मिश्रा, सुमित ताम्रकर, अनिता इंदुरकर सहित समस्त कार्यकर्तओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पहला कॉलम...

## पुरैना में शा. प्राथमिक/माध्यमिक शाला परिसर में वृक्षारोपण अभियान



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत पुरैना में शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला परिसर में वृक्षारोपण अभियान के तहत एक पेड़ अपनी मां के नाम से लगाया गया। जिसमें ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच ताराचंद नेताम, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष एवं लोधी समाज के नेता मूलचंद लोधी, पूर्व सरपंच फागूराम वर्मा, पूर्व सरपंच मेघनाथ वर्मा, ग्राम प्रमुख बिसेसर वर्मा, रामदयाल यादव, पंचराम वर्मा, छन्नू यादव, धर्मेन्द्र वर्मा, नीलकंठ, रेवाराम तथा प्राथमिक शाला एवम माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मो. अमीन कुरैशी, प्र. प्रधान पाठक शशिकांत यादव सहित ग्राम प्रमुख व स्कूल स्टॉफ अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण कर शिक्षा सप्ताह का किया समापन



डोंगरगांव (दावा)। प्राथमिक शाला अडाम में शिक्षा सप्ताह समापन दिवस 28 जुलाई रविवार को मनाया गया। शाला समिति के अध्यक्ष कोमल निषाद, भुनेश्वर उइके गीता राम निर्मलकर, नरेश निषाद, नोहर जामुलकर, टेकराम जामुलकर, संतोषी कुंभकार के द्वारा पौधारोपण किया गया। तत्पचात सभी स्वयं सेवी उल्लास साक्षरता के शिक्षकों को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक महेंद्र कुमार पड़ोती, शिक्षक शिवशंकर नेताम, सरिता टांडेकर के द्वारा किया गया।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन व दसवीं बोर्ड प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया गया सम्मान




डोंगरगढ़ (दावा)। कारगिल विजय दिवस पर एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम रखा गया।जिसमें विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव द्वारा देशभक्ति गीत के माध्यम से भैया बहनों को कारगिल विजय दिवस पर हमारे देश के जवानों ने अपनी जान दे कर देश भक्ति का परिचय दिया,देश के जवानों ने हम सबकी रक्षा की ऐसे सभी शहीद जवानों को नमन करते हुए देश के लिए आगे आने की बात कही। एनएसएस की स्वयं सेविका दिव्य कीरण ने देश भक्ति गीत गाकर वातावरण को देश भक्ति से सराबोर किया इस अवसर पर जिला में दसवीं बोर्ड में प्रथम आए भैया साई साहू व विद्यालय में दसवीं बोर्ड में टाप टेन में रहे भैया बहनों को एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा सभी भैया बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव, एनएसएस के प्रमुख वीर सिंह यादव, वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, श्रीमति त्रिवेणी मंडल मंच में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस प्रमुख वीर सिंह यादव ने किया।

## शा. पूर्व माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी में किया पौधारोपण

डोंगरगांव (दावा)। पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी में शाला के शिक्षकों व बच्चों के साथ जनभागीदारी समिति के सदस्यों के द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसके तहत नारियल, कटहल, आम व जामुन का फल का रोपन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक भी एल यादव, शिक्षक विष्णु शर्मा, शिक्षिका श्रीमती शशिकला काठोलिया, शिक्षिका श्रीमती चित्ररेखा वैष्णव, श्रीमती दीपक पटेल, श्रीमती नीरा निषाद, श्रीमती अमेरिका पटेल व अन्य ग्रामीण के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के संबंध में अवगत कराया गया कि पर्यावरण हमारे मित्र हैं। पर्यावरण के बगैर हमारा जीवन संभव नहीं है। इसलिए हमें पर्यावरण की संरक्षण के लिए हमें भरसक प्रयास करना चाहिए। वृक्ष की कटाई नहीं करना चाहिए और प्रत्येक वर्ष फलदार, छायादार, औषधि युक्त, पौधों का रोपण करके उसकी संरक्षण करना चाहिए ।सभी बच्चों को शपथ दिलाया गया।

# जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस समारोह संपन्न : बच्चों के हौसला अफजाई में मिल का पत्थर साबित होगा

डोंगरगढ़ (दावा)। लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज़ एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के जिला इकाई द्वारा जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस समारोह सर्व समाज मांगलिक भवन राजनांदगांव में शुभारंभ अतिथियों द्वारा रानी अवंतीबाई लोधी की तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में उत्कृष्ट 10 वीं 12 वीं के प्रतिभावान मेधावी बच्चों को छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विष्णु लोधी ने कहा प्रतिभा सम्मान समारोह से बच्चों के हौसला अफजाई में मिल का पत्थर साबित होगा। विष्णु लोधी ने विद्यार्थियों एव लक्ष्य के टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



**जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस समारोह मे सम्मिलित हुए विष्णु लोधी**

विष्णु लोधी ने कहा देश में सभी जातियां न केवल सामाजिक दृष्टि से समसामयिक हो रही हैं बल्की आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के संघर्ष की कड़ी समीक्षा के लिए समाजवादी और राजनीतिक सत्ता हासिल करने और आर्थिक आकांक्षाओं के लिए मीलों का पत्थर साबित हो रही हैं। जिस जाति के सामाजिक संगठन में अधिक जागरूकता, डेनमार्क और संघर्षशीलता होगी, उसमें राजनीतिक पहचान के साथ साथ सामाजिक सम्मान और आर्थिक क्रांति होगी। लक्ष्य आने वाली समय मे समाज के लिए एक प्रेरक शक्ति बन सकती है। विष्णु लोधी ने कहा लक्ष्य भविष्य में समाजोत्थान की एक अहम कड़ी साबित होगी। लक्ष्य का मुख्य उद्देश्य समाज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकजुट कर सहयोग प्रदान करना लक्ष्य का मुख्य उद्देश्य शिक्षा है, क्योंकि शिक्षा ही हर सफलता की कुंजी है। लक्ष्य द्वारा समाज मे प्रतिभावान बच्चों का सम्मान प्रति वर्ष हो रही है। साथ ही लक्ष्य नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए निःशुल्क कोचिंग भी चला रही है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, डॉ. डाकेश्वर वर्मा, राहुल वर्मा, पी.एल. सुलाखे, यशवंत पटेल, लक्ष्य प्रदेश अध्यक्ष फेरूराम वर्मा, जिला संयोजक महेन्द्र वर्मा, लक्ष्य जिला अध्यक्ष बी.एल. वर्मा, सचिव नेतराम वर्मा, कोषाध्यक्ष चैतराम वर्मा आदि महिला पुरूष एवं बड़ी सख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सीटबाल बनाने एवं छिड़काव के तरीके बताएं गए

ठेलकाडीह (दावा)। देश-विदेश में शहरीकरण के चलते लोगों को स्वच्छ हवा के लिए वंचित हो रहे है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन द्वारा गांवों व शहरी क्षेत्रों को हराभरा करने के लिए पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है लेकिन इस बीच प्रकृति प्रेमी स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा पर्यावरण संरक्षण के लिए अनोखा तरीका अपनाया है उन्होंने कम समय में ज्यादा से ज्यादा कैसे पौधे तैयार कर सकते उनके तरीके बताया गया। उन्होंने सीटबॉल बनाकर उसे छिड़काव करने के तरीके युवक युवतियों को बताया गया। ग्राम रेंगाकठेरा में सीटबाल बनाने के तरीके बताते हुए कहा कि अलग-अलग पौधे के बीच इकट्ठा करके हम सीटबाल तैयार करके कम समय में ज्यादा से ज्यादा पौधे तैयार कर पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं। गांव में अलग-अलग प्रकार के पौधे पाए जाते हैं जो पौधे के बीज आसानी से मिल जाते हैं उन्हें बीच को एकत्रित कर हम सीटबाल तैयार करके बारिश के समय में जंगलों या फिर गांवो के मैदानी इलाकों में छिड़काव करके पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे तैयार कर सकते है। सीट बाल बनाने के लिए पौधा का बीज उपजाऊ मिट्टी गोबर मिलाकर एक बॉल का आकार बनाया जाता है, उसके बाद इसे जंगलों में छिड़काव करने से बारिश के समय में पानी पड़ने पर वह बीज पौधा तैयार होते हैं, इस हेतु हम सब को मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए है। इस दौरान रुद्र कुमार, जितेंद्र वर्मा, कुंदन, डाकेश्वर वर्मा, योगेश साहू, हर्ष, भूमिका, खिलेंद्र, बुंदेलीकला, रेंगाकठेरा खुडमुड़ी के वालंटियर उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस मनाया गया



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव मंडल भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कारगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विजय दिवस रूप में मना कर वीरगति को प्राप्त वीरों को याद किया गया। इस अवसर पर डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने कहा कि 15 हजार 800 सौ फिट की ऊंचाई पर भारत के सैनिकों ने जांबाजी के साथ युद्ध लड़कर भारत को विजय दिलाया, इस कठिन लड़ाई में भारत के 5 हजार सैनिकों ने हिस्सा लिया। 3 मई 1999 को चरवाहा ताशी जमियाल ने द्रास सेक्टर में हथियारबंद लोगों की गतिविधि देखा, इस पर संज्ञान लेते हुए 9 मई 1999 को भारतीय सेना ने हमला किया और दुश्मन को खदेड़ कर कारगिल की चोटियों में भारत का झंडा लहरा दिया। इस युद्ध में 527 भारतीय सैनिक वीर गति को प्राप्त हुए, 16 सौ से अधिक सैनिक घायल हुए। इस युद्ध में विक्रम बत्रा, योगेंद्र यादव, सौरभ कालिया, मनोज पाण्डेय को भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत सम्मानित किया गया। वहीं भाजपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि इस विपरीत स्थिति में जब हमारे दुश्मन पहाड़ की ऊंचाई से हमला कर रहे थे, जिसका जवाब हमारे सैनिकों ने दिया और पाकिस्तान के पोषित आतंकवादी को मार भगाया। उस समय हमारे देश के प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई ने पूरे विश्व पटल पर कहा, ये आतंकवादी नही ये आतंकवादियों के भेष में पाकिस्तानी सैनिक ही थे। इस तरह लगातार भारतीय सैनिकों ने हर बार भारतीय सैनिकों से मुंह की खानी पड़ी, हर बार भारत के वीर पाकिस्तानी को युद्ध में हराते आए है। कारगिल विजय के रजत जयंती के अवसर वीरगति को प्राप्त शहीदों को नमन करते हैं। इस कार्यक्रम में गुलशन हिरवानी, प्रवेश ठाकुर, योगेश पटेल, लोकेश यदु, प्रफुल्ल जैन, लक्ष्मी सेन, रूपू पाडे, राजिक बडगुजर, दिव्यांश जैन, यशवंत कुंभकार आदि उपस्थित रहे।

# कुमर्दा मंडल में लोगों ने सुनी मन की बात, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव रहे उपस्थित



डोंगरगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 112वाँ एपिसोड भारती जनता पार्टी पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसुदन यादव सहित खुज्जी विधानसभा मंडल कुमर्दा के खुसीटिकुल बूथ में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सुना।

कार्यक्रम पश्चात श्री यादव ने बताया कि मन की बात में प्रधानमंत्री ने हरियाणा के रोहतक जिले के ढाई सौ से ज़्यादा महिलाओं के जीवन में बदलाव का जिक्र किया है, वहाँ की महिलाए उन्नति सेल्फ ग्रुप से जुड़ कर ब्लॉक पेंटिंग और रंगाई में ट्रेनिंग लेकर अपने हाथो से जादू बिखेर रही हैं। बेड कवर, साड़ी व दुपट्टों में कला कर उत्पादन कर रही है, आज बाजार में इस वस्तुओं की माँग बढ़ी है। जिससे ये महिलाएं लाखों रुपए की आमदनी कमा रही हैं। वैसे ही देश के अलग- अलग हिस्से में हैंडलूम को लोकप्रिय बनाने में जुटी हुई है। कुछ ही दिनों बाद 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम दिवस मनाया जायेगा, जिसकी जानकारी दी गई। हैंडलूम में कार्य कर रहे क्षेत्रीय कारीगरों को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हीरेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा, जिला मंत्री कैलाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, अनिरुद्ध चंद्राकर, गोपाल राम साहू, भेष बाई साहू, हिरदे राम देवांगन, उज्वल कसेर, संतोष साहू, मूलचन्द सेन, योगेश साव, केशव साहू, गजेंद्र साहू, रामचंद निषाद, फागू राम, पूनाराम सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है और आगे भी बना रहेगा -विज्ञान देव

डोंगरगढ़(दावा)। लाल बहादुर नगर विहंगम योग संत समाज के शताब्दी महोत्सव और 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन साधना केंद्र स्वर्वेद महामंदिर वाराणसी में किया जा रहा है।इसका आयोजन 6 और 7 दिसंबर को किया जाएगा। ज्ञान महायज्ञ के लिए पूरे देश में भ्रमण कर संत प्रवर विज्ञान देव महाराज लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।उन्होंने शुक्रवार को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम लाल बहादुर नगर पहुंच कर क्षेत्र वासियों को भी महायज्ञ के लिए आमंत्रित किया।



इस दौरान विज्ञान देव महाराज ने मन को शांत और नियंत्रित रखने को कहा। उन्होंने बताया कि आज मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियां बढ़ रही हैं यूनेस्को की एक प्रस्तावना कहती है कि युद्ध की प्राचीर कुत्सिक मन से निकलती है अतः मन पर नियंत्रण आवश्यक है। हमारे मन में असीम शक्ति है। ईश्वर ने हमें बड़ी शक्तियों वाला अंतकरण दिया है। मानव के मन में अशांति है।और जब तक यह अशांति है, तब तक विश्व में शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। मन की शांति को विहंगम योग की ध्यान साधना के द्वारा दूर किया जा सकता है उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम अध्यात्म है आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है विश्व गुरु है और मैं कहता हूं कि भारत विश्व गुरु रहेगा। महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया और कहा कि यह साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है। इस अवसर पर कार्यक्रम के जिला संयोजक मोरध्वज साहू, सहसंयोजक संतोष साहू, गोवर्धन कुंजाम, लालाराम साहू, कुलंजन साहू, चिंता देवांगन, सुमन साहू, धनेश साहू, मनराखन साहू, रामेश्वर साहू, द्वारिका रावटे, विजय, संतोष, सोमेश्वर चंद्रवंशी, ललित साहू, लल्लू साहू, शिवकुमार, शोभा मानिकपुरी, सुमित्रा साहू, रागनी, अनीता साहू, घनश्याम साहू, बबली ठाकुर, प्रीतम साहू, नागराज साहू, सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में साधकगण उपस्थित थे।

# चिरचारीकला में उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत साक्षर करने दिलाई गई शपथ

डोंगरगांव (दावा)। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया के निर्देशन में संकुल समन्वयक भूषण दास वाडेकर के उपस्थिति में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2030 तक सभी युवा, प्रौढ, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिरचारीकला में शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिवस उल्लास कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु शपथ दिलाया गया। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है जो 'सभी के लिए शिक्षा' के लिए प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य है। संकुल समन्वयक भूषण दास वाडेकर ने सभी को साक्षर करने हेतु शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिरचारी कला प्रधान पाठक हेमन्त सलामें,ग्राम पंचायत उपसरपंच नरेन्द्र दमोहे, प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमति जया कँवर,शाला प्रबंधन विकास समिति के उपाध्यक्ष श्री मति दुर्पत मंडले,शिक्षक एकलव्य साहू, शिक्षिका श्रीमति लता साहू, धर्मेन्द्र मंडले, स्वयंसेवी शिक्षक कु. गुलापा, कु. भूमिका साहू, कु. सुमन साहू, कु. सोनिया कंवर सहित असाक्षर सदस्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से असाक्षरों को बनाया जाएगा साक्षर**

संकुल समन्वयक भूषण दास वाडेकर ने 'उल्लास केंद्र' तथा शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन, उल्लास कार्यक्रम हेतु वातावरण निर्माण, प्रवेशिका निर्माण, पठन-पाठन सामग्रियों की व्यवस्था, ''उल्लास नवभारत साक्षरता'' कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं, कुशल प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण तथा उल्लास केन्द्रों का संचालन आदि की जानकारी ली गई। प्रधान पाठक हेमंत सलामे ने कहा कि 2022-23 से 2024-25 तक जिले के असाक्षरों को स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने स्वयं सेवी शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का शीघ्र ही चिन्हांकन करके उसे उल्लास पोर्टल में दर्ज करने कहा।

# पहला कॉलम...

## डिएंड्रा डॉटिन ने महिला टी20 विश्व कप से पहले अंतरराष्ट्रीय संन्यास का फैसला बदला

सेंट जॉन्स (एंटीगा)। डिएंड्रा डॉटिन, जिन्होंने 2022 में अचानक संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था, ने अपना फैसला बदल लिया है। उन्होंने संन्यास से वापस आने का फैसला किया है और वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने यह जानकारी दी।

डॉटिन, जो अब 33 वर्ष की हो चुकी हैं, ने वर्तमान माहौल और टीम के माहौल के मुद्दों का हवाला देते हुए 2022 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था। सीडब्ल्यूआई को लिखे एक पत्र में, डॉटिन ने खेल में वापसी के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, अंतर्राष्टीय क्रिकेट में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे लिए बहुत गर्व और जुनून का विषय रहा है। क्रिकेट वेस्ट इंडीज के अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो सहित विभिन्न पक्षों के साथ विचार-विमर्श और विचारशील बातचीत के बाद , मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं उस खेल में वापसी करने के लिए उत्सुक हूं जो मुझे पसंद है, और सभी प्रारूपों में वेस्ट इंडीज महिला टीम के लिए तत्काल प्रभाव से योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

## रिकॉर्ड सस्ता हुआ सोना-चांदी

नईदिल्ली। भारतीय सर्राफा बाजार के लिए ये सप्ताह निराशा भरा रहा, लेकिन निवेशकों की मौज हो गई. क्योंकि इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई. जिसके चलते लोगों ने जमकर खरीदारी भी की. पिछले रविवार से लेकर आज यानी रविवार तक सोने की कीमत 6.61 प्रतिशत यानी 4850 रुपये कम हो गए. इसके बाद सोना 68,500 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया. जबकि चांदी का भाव इस दौरान 9.27 फीसदी यानी 8330 रुपये कम हो गए. इसके बाद सोना 81,530.00 रुपये प्रति किग्रा पर आ गया। अगर बात करें मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने और चांदी की कीमतों के बारे में तो यहां सोना शुक्रवार को 0.0.4 प्रतिशत यानी 26 रुपये टूटकर 68,160 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया है. जबकि चांदी का भाव यहां 0.06 प्रतिशत यानी 50 रुपये टूटकर 26 जुलाई को बंद हुआ. इसके बाद यहां चांदी का भाव 81,321 रुपये प्रति किग्रा पर आ गया है.

## चीन में भूस्खलन में 11 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन में भारी बारिश और बाढ़ के साथ तूफान भी कहर बनकर टूटा है। इसमें कई लोगों की मौत हो गई है। साथ ही काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि चीन के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से एक मकान ढह गया, जिससे 11 लोगों की मौत हो गई। चीनी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। चीन की डिजिटल न्यूज वेबसाइट द पेपर में प्रकाशित खबर में बताया गया है कि एक अन्य घटना में, चीन के शंघाई में तूफान के कारण एक पेड़ के गिर जाने से एक कंपनी के प्रतिनिधि की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि चीन में ये मौतें संभवत- उष्णकटिबंधीय चक्रवात गेमी के कारण हुई। चीन की सरकारी मीडिया सीसीटीवी की खबर में बताया गया है कि हुनान प्रांत के हेंगयांग शहर के पास स्थित युएलिन गांव में सुबह करीब आठ बजे भूस्खलन होने से एक घर ढह गया। पहले की एक खबर में बताया गया था कि भूस्खलन होने से 18 लोग फंस गए हैं और छह घायल व्यक्तियों को निकाल लिया गया है।

## भारत की हॉकी टीम ने ओलंपिक में जीत के साथ की शुरुआत

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार शुरुआत की. बेहद प्रतिस्पर्धी और रोमांचक रहे इस मैच ने अंत तक सभी भारतीय फैंस की धड़कनें बढ़ाए रखीं. ओलंपिक 2024 के हॉकी इवेंट में भारत का पहला मैच न्यूजीलैंड से था. भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर अपनी ताकत का एहसास कराया. यह मैच कभी भारत के पक्ष में जा रहा था तो कभी न्यूजीलैंड के पक्ष में, लेकिन चौथे क्वार्टर के आखिरी मिनटों में भारत गोल करके मैच 3-2 से जीतने में सफल रहा. शुरुआती मिनटों में न्यूजीलैंड का दबदबा रहा. पेनल्टी कॉर्नर की मदद से सैम लेन ने 8वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया. इसके बाद न्यूजीलैंड ने लगातार प्रयास किए, लेकिन भारतीय डिफेंस ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया. दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी रणनीति बदली और तेजी से खेला. नतीजतन, 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर भारत को गोल मिल गया. हालांकि, न्यूजीलैंड ने रेफरी से रिव्यू मांगा, लेकिन वे असफल रहे. जिसके बाद हाफ टाइम तक भारत न्यूजीलैंड से 1-1 की बराबरी करने में सफल रहा. हाफ टाइम के तुरंत बाद 34वें मिनट में मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद ने करीब से गोल करके भारत को बढ़त दिला दी. तीसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड को पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन श्रीजेश दीवार की तरह खड़े रहे और न्यूजीलैंड के पांचों पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं होने दिया. जिसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत 2-1 की बढ़त लेने में कामयाब रहा.

# मनु भाकर ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर रचा इतिहास

### शूटिंग में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की मनु भाकर ने कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया है और पेरिस में तिरंगा लहरा दिया है। वह शूटिंग में भारत के लिए ओलंपिक मेडल जीतने वाली भारतीय महिला निशानेबाज हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 में भी भारत का ये पहला पदक है।



10 मीटर एयर पिस्टल में मेडल के लिए 8 महिला शूटर मैदान में थीं। मनु ने तीसरा स्थान हासिल किया और पदक जीत लिया। मनु ने कुल 221.7 का स्कोर किया। उन्होंने पहले स्टेज में 50.4 का स्कोर किया और फिर दूसरे स्टेज में उनका स्कोर 101.7 तक पहुंच गया। पहले दो स्थानों पर कोरियाई प्लेयर्स का कब्जा रहा। साउथ कोरिया की ओह ये जिन ने 243.2 का स्कोर किया। वह पहले नंबर पर रही और गोल्ड मेडल जीता। दूसरे नंबर पर किम येजी थीं, जिनका स्कोर 241.3 रहा।

मनु भाकर टोक्यो ओलंपिक में मेडल जीतने की बड़ी दावेदार थीं। तब उनकी पिस्टल खराब हो गई थी और वह पदक नहीं जीत पाईं थी। लेकिन टोक्यो की कमी को उन्होंने पेरिस में पूरा कर दिया है और पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनसे पहले ओलंपिक में कोई भी भारतीय महिला शूटर पदक नहीं जीत पाई थी। अब ये कीर्तिमान उन्होंने अपने नाम कर लिया है।

क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 6 सीरीज का मौका सभी निशानेबाजों को मिला जिसमें आखिर में टॉप-8 में रहने वालीं खिलाड़ियों ने अपनी जगह मेडल इवेंट के लिए पक्की की। इसमें 22 साल की मनु भाकर ने पहली सीरीज में 100 में 97 अंक हासिल किए। इसके बाद 97 दूसरी सीरीज में जबकि तीन सीरीज खत्म होने के बाद मनु के 300 में 292 अंक थे। मनु ने आखिरी तीन सीरीज में लगातार 96 अंक हासिल किए और फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का किया था।

## नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर डोपिंग के लिए अस्थायी रूप से निलंबित

पेरिस । अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने कहा कि नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर को पेरिस ओलंपिक में अपनी शुरुआती लड़ाई से पहले डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

इराकी जुडोका सज्जाद सेहेन और डोमिनिकन वॉलीबॉल खिलाड़ी लिसवेल ईव मेजिया के बाद ओलंपिक खेलों की शुरुआत के बाद से डोपिंग का यह तीसरा मामला है। आईटीए ने कहा, मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर से लिए गए एक नमूने में एक निर्दिष्ट प्रतिबंधित पदार्थ, फ्यूरोसेमाइड (विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) निषिद्ध पदार्थों की सूची के अनुसार श्रेणी एस5 मूत्रवर्धक और मास्किंग एजेंट के रूप में वर्गीकृत) के लिए एक प्रतिकूल विश्लेषणात्मक परिणाम सामने आया22 वर्षीय ओगुनसेमिलोर को सोमवार को -60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक टूर्नामेंट में पदार्पण करना था।

ओगुनसेमिलोर को मामले की जानकारी दे दी गई है और विश्व डोपिंग रोधी संहिता और ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 पर लागू आईओसी डोपिंग रोधी नियमों के अनुरूप मामले का समाधान होने तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

इसका मतलब यह है कि मुक्केबाज को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के दौरान प्रतिस्पर्धा, प्रशिक्षण, कोचिंग या किसी भी गतिविधि में भाग लेने से रोका जाता है।नमूना 25 जुलाई को पेरिस में प्रतियोगिता से बाहर एंटी-डोपिंग नियंत्रण के दौरान अंतर्राष्टीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के परीक्षण प्राधिकरण और परिणाम प्रबंधन के तहत आईटीए द्वारा एकत्र किया या था।परिणाम 27 जुलाई को पेरिस की वाडा-मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला द्वारा रिपोर्ट किया गया था।सिंथिया को खेल मध्यस्थता न्यायालय - एंटी-डोपिंग डिवीजन (सीएएस एडीडी) के समक्ष अंतिम निलंबन को चुनौती देने का अधिकार है।

## मुक्केबाज प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा में किम अन्ह पर शानदार जीत दर्ज की

पेरिस। भारत की प्रीति पवार पहले दौर के मुकाबले में शानदार जीत के साथ मुक्केबाजी में महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। हरियाणा के भिवानी की 20 वर्षीय खिलाड़ी ने नॉर्थ पेरिस एरेना में राउंड 32 में वियतनाम के वो थी किम अन्ह को 5-0 से हरा दिया। अब उनका मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त कोलंबिया की येनी एरियास से होगा।



शनिवार की पूरी बाउट के दौरान प्रीति ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को लय हासिल नहीं करने दी। शुरुआत में भारतीय मुक्केबाज को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा लेकिन फिर उन्होंने शानदार वापसी की और पहला मुकाबला जीत लिया। 14 साल की उम्र में, प्रीति को उनके चाचा विनोद ने मुक्केबाजी से परिचित कराया, जो खुद राष्टीय स्तर के पदक विजेता मुक्केबाज थे। विनोद ने प्रीति के पिता, जो हरियाणा पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) के रूप में काम करते हैं, को उन्हें मुक्केबाजी में हाथ आजमाने के लिए मना लिया और उन्हें कोचिंग देना शुरू कर दिया।

बॉक्सिंग में करियर बनाने के लिए प्रीति को अपने परिवार से पूरा सहयोग मिला और उन्होंने उनके विश्वास को कम नहीं होने दिया।

## सूर्यकुमार यादव बने टी20 के नए 'डॉन'

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज़ का पहला मुकाबला बीते शनिवार (27 जुलाई) को खेला गया. मुकाबले में टीम इंडिया ने 43 रनों से जीत हासिल की. इस मैच में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की तरफ से धुआंधार बैटिंग देखने को मिली. इस धुंआधार बैटिंग के साथ सूर्या ने इतिहास रचते हुए दिग्गज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया. किंग कोहली को पछाड़ सूर्या टी20 इंटरनेशनल के नए 'डॉन' बन गए. बता दें कि श्रीलंका के खिलाफ पहले मुकाबले में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली.

## सिंधु की विजयी शुरुआत, पहले मैच में मालदीव की फातिमथ नबाहा को हराया

पेरिस। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने रविवार को ला चैपल एरेना में महिला एकल ग्रुप एम के पहले मैच में मालदीव की फातिमथ नबाहा अब्दुल रज्जाक पर 21-9, 21-6 की आसान जीत के साथ अपने पेरिस ओलंपिक अभियान की शुरुआत की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बुधवार को अपने दूसरे ग्रुप स्टेज मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा से भिड़ेंगी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से कभी खाली हाथ नहीं लौटी हैं, उन्होंने टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीतने से पहले रियो 2016 में अपने पहले खेलों में रजत पदक जीता था। वह कई ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला हैं। पहलवान सुशील कुमार एकमात्र अन्य भारतीय हैं जिनके कैबिनेट में एक से अधिक व्यक्तिगत ओलंपिक पदक हैं।

## 29-31 जुलाई तक नहीं चलेंगी कई ट्रेनें, रेलवे ने रद्द की 62 गाड़ियां

नईदिल्ली। अगर आप ट्रेन से यात्रा करते हैं या आने वाले एक दो दिन में ट्रेन से कहीं जाने वाले हैं तो ये खबर आपके लिए हैं. क्योंकि रेलवे में आने वाले तीन दिनों तक कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है. जिसके चलते आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. दरअसल, मध्य रेलवे ने पुणे डिवीजन के दौंड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते तीन दिवसीय ब्लॉक का ऐलान किया है.

सोमवार (29 जुलाई) को ट्रेन संख्या 12169/12170 पुणे-सोलापुर-पुणे एक्सप्रेस, 17613 पनवेल-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस, 11409 दौंड-निजामाबाद डीएमयू, 12025/12026 पुणे-सिकंदराबाद-पुणे शताब्दी एक्सप्रेस, 01532 बारामती-दौंड डीएमयू,, 17614 हजूर साहिब नांदेड़-पनवेल एक्सप्रेस, 01527 दौंड-बारामती डीएमयू, 11418 सोलापुर-पुणे एक्सप्रेस, 01511 /01512 पुणे-बारामती-पुणे डीएमयू, 01529/01530 पुणे-दौंड-पुणे डीएमयू, 01487/01488 पुणे-हरंगुल-पुणे एक्सप्रेस, 01525 पुणे-दौंड मेमू पैसेंजर, 01461/01462 सोलापुर-दौंड-सोलापुर डीएमयू, 01528 बारामती-पुणे डीएमयू, 01533 पुणे और दौंड डीएमयू ट्रेनें रद्द रहेंगी.

जबकि मंगलवार यानी 30 जुलाई को गाड़ी संख्या 01521 पुणे-दौंड डीएमयू, 01523 दौंड-बारामती डीएमयू, 17614 हजूर साहिब नांदेड़-पनवेल एक्सप्रेस, 17613 पनवेल-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस, 11422 सोलापुर-पुणे डीएमयू, 11421 हडपसर-सोलापुर डीएमयू, 01528 बारामती-पुणे डीएमयू, 12169/12170 पुणे-सोलापुर -पुणे एक्सप्रेस, 01527 दौंड-बारामती डीएमयू, 01487/01488 पुणे-हरंगुल-पुणे स्पेशल, 11406 अमरावती-पुणे, 11409 दौंड-निजामाबाद डीएमयू, 11418 सोलापुर-पुणे एक्सप्रेस, 01522 हडपसर-दौंड डीएमयू, 01526 बारामती-पुणे डीएमयू, 01511 पुणे-बारामती डीएमयू , 1417 पुणे-सोलापुर एक्सप्रेस, 01525 पुणे-दौंड मेमू पैसेंजर, 01512 बारामती-दौंड डीएमयू, 01529/01530 पुणे-दौंड-पुणे, 01462/01461 दौंड-सोलापुर-दौंड डीएमयू, 01533 पुणे-दौंड डीएमयू और 01532 बारामती-दौंड डीएमयू शामिल है. वहीं बुधवार यानी 31 जुलाई को भी कई ट्रेनें रद्द रहेंगी. इनमें 01525 पुणे-दौंड मेमू पैसेंजर, 01522 हडपसर-दौंड डीएमयू, 01511 पुणे-बारामती डीएमयू, 11422 सोलापुर-पुणे डीएमयू, 12169/12170 पुणे-सोलापुर -पुणे एक्सप्रेस, 01512 बारामती-दौंड डीएमयू, 17614 हजूर साहिब नांदेड़-पनवेल एक्सप्रेस, 17613 पनवेल-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस, 11421 हडपसर-सोलापुर डीएमयू, 01487/01488 पुणे-हरंगुल-पुणे स्पेशल, 11406 अमरावती-पुणे, 11409 दौंड-निजामाबाद डीएमयू, 01533 पुणे-दौंड डीएमयू , 11418 सोलापुर-पुणे एक्सप्रेस, 01521 पुणे-दौंड डीएमयू, 11417 पुणे-सोलापुर एक्सप्रेस, 01523 दौंड-बारामती डीएमयू, 01526 बारामती-पुणे डीएमयू, 01527 दौंड-बारामती डीएमयू, 01529/01530 पुणे-दौंड-पुणे, 01528 बारामती-पुणे डीएमयू, 01462/01461 दौंड-सोलापुर-दौंड डीएमयू और 01532 बारामती-दौंड डीएमयू ट्रेन शामिल है.

## ज्योतिष चमत्कार ( 29 जुलाई 2024 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 12 | 20 | 32 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 14 | 28 | 34 | 40 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 26 | 36 | 48 | 52 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 24 | 38 | 46 | 54 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 30 | 44 | 56 | 68 |
| शनि | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 58 | 64 | 74 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 51 | 65 | 79 | 81 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 75 | 83 | 97 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 73 | 85 | 95 | 01 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 71 | 87 | 93 | 03 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 91 | 07 | 19 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 5 | 6 | 7 |
| स्पेशल | 12 | 53 | 64 | 78 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 6 | 7 |
| स्पेशल | 13 | 24 | 65 | 79 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | | राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | 66 | 24 | 64 | 13 | 84 | 37 | 67 | 11 | 61 | 78 |
| 26 | 91 | 29 | 88 | 04 | 55 | 12 | 98 | 77 | 23 | 33 |
| 95 | 37 | 02 | 99 | 70 | 82 | 77 | 38 | 49 | 27 | 17 |
| 55 | 13 | 34 | 31 | 39 | 89 | 81 | 82 | 51 | 45 | 98 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -23-09
2024- 11-17-18-19-10-22-23-35-43-54-57-61-68-69-71-74-85-86-80-94-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-71-73-75-70-88-89-92-94-04-06-00

**चेतावनी :-** इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***भाजपा के मुख्यमंत्रियों की...***

विशाल अनुभव का लाभ मिलता है। दूसरा हमें अपने अनुभवों का आदान-प्रदान करने और कुछ नई जानकारी व नए आकलन प्राप्त करने का मौका मिलता है। तीसरा यह कि कुछ बेहतर करने की हमारी इच्छा मजबूत होती है। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बैठक- लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मुख्यमंत्री परिषद की बैठक हुई। इसे भाजपा के आत्ममंथन के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों में नुकसान का सामना करना पड़ा था। बैठक में पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

***दिल्ली की आईएएस कोचिंग सेंटर के..***

24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। दिल्ली मेयर शेली ओबेरॉय ने एमसीडी कमिश्नर को निर्देश दिया है कि उन सभी कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की जाए, जो बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां चला रहे हैं। यह नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के लिए के जिम्मेदार एमसीडी अधिकारियों की तत्काल जांच होनी चाहिए। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों छात्रों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया है। तीनों छात्रों की पहचान हो गई है। एक छात्र का नाम नेविन डाल्विन (28) है। वह केरल का रहना वाला था। वह बीते आठ महीनों से आईएएस की तैयारी कर रहा था। वह दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी से पीएचडी भी कर रहा था। इसके अलावा जिन छात्राओं की मौत हुई उनकी पहचान तान्या सोनी (25) और श्रेया यादव (25) के रूप में हुई है। श्रेया ने 1 महीने पहले ही राउ कोचिंग सेंटर में एडमिशन लिया था। वह उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर के की रहने वाली थी। तान्या सोनी के बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

***'सेफ खेलना छोड़िए, कॉमन सेंस का इस्तेमाल ...***

उन्हें जरूरी नहीं कि वह मिले, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ता है। यह देरी उन लोगों की समस्या को और बढ़ा देती है, जिन्हें मनमाने ढंग से गिरफ्तार किया जा रहा है। मनमानी गिरफ्तारियों पर क्या बोले सीजेआई -सीजेआई बर्कले सेंटर के

## प्रथम पेज का शेष

तुलनात्मक समानता और भेदभाव विरोधी 11वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान बोल रहे थे। भाषण के बाद उनसे कुछ प्रश्न किए गए, जिसमें एक प्रश्न मनमाने ढंग से की जाने वाली गिरफ्तारियों पर था। ये भी पूछा गया कि क्या हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां व्यक्ति पहले कार्य करता है और बाद में क्षमा मांगता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इसके जवाब में कहा, सर्वोच्च न्यायालय लगातार यह बताने की कोशिश कर रहा है कि इसका एक कारण यह भी है कि देश के भीतर संस्थानों में अंतर्निहित अविश्वास है। सीजेआई ने कहा, ÷मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम उन लोगों पर भरोसा करना सीखें जो पदानुक्रमित कानूनी प्रणाली में हैं, जैसे कि बहुत नीचे, जो कि ट्रायल कोर्ट हैं। हमें ट्रायल कोर्ट को प्रोत्साहित करना होगा कि वे स्वतंत्रता चाहने वाले लोगों की चिंताओं को समायोजित करने की आवश्यकता के प्रति अधिक ग्रहणशील हों।÷ दुर्भाग्य से, आज समस्या यह है कि हम ट्रायल जजों द्वारा किसी भी तरह की राहत को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। सीजेआई ने कहा कि मतलब है कि ट्रायल जज गंभीर अपराधों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर जमानत न देकर तेजी से सुरक्षित खेल रहे हैं। सीजेआई के अनुसार, जजों को हर मामले की बारीकियों को देखना होगा और उसके बारीक पहलुओं को देखना होगा।

***'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी***

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड का भी उल्लेख किया, जिसमें भारतीय छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पुणे के रहने वाले आदित्य वेंकट गणेश, सिद्धार्थ चोपरा, दिल्ली के अर्जुन गुप्ता, ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार, मुंबई के रुशील माथुर और गुवाहाटी के आनंदो भादुरी ने देश को यह उपलब्धि दिलाई है। प्रधानमंत्री ने यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की सूची में असम के चराईदेउ मैदाम को शामिल किए जाने का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि अहोम राजवंश के लोग अपने पूर्वजों के शव को उनकी कीमती चीजों के साथ अहोम मैदान में रखते थे। पूर्वजों को सम्मान प्रकट करने का यह यूनिक तरीका है। उन्होंने लसित बोरफुकन की सबसे ऊंची प्रतिमा के अनावरण का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने हरियाणा के एक स्वयं सहायता समूह का उल्लेख किया, जिसने जिले की ढाई सौ से ज्यादा महिलाओं के जीवन को समृद्ध बनाने का काम किया है। उन्नति सेल्फ हेल्प ग्रुप की सहायता से इन्होंने ब्लॉक प्रिंटिंग और रंगा की ट्रेनिंग हासिल की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 7 अगस्त को राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया जाता है। हम सभी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। यह छोटा सा प्रयास अनेक लोगों की जिंदगी बदल सकता है। उन्होंने खादी की खरीदारी में हो रही रिकॉर्ड वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना होता है और हम इस महीने खादी खरीदें। प्रधानमंत्री ने इंदौर में 'एक पेड़ मां' के नाम कार्यक्रम के दौरान 2 लाख से ज्यादा पौधे लगाए जाने के रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग ले रहे हैं। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों से हर घर तिरंगा अभियान में हो रही जन भागीदारी को विशेष बताते हुए इस बार भी लोगों से इसमें भाग लेने और सेल्फी बिथ तिरंगा सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगे को लेकर यह उल्लास यह उमंग एक दूसरे से हमें जोड़ती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में एक खास प्रोजेक्ट 'परी' का जिक्र किया है, जिसे पब्लिक आर्ट ऑफ इंडिया के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट परी पब्लिक आर्ट को लोकप्रिय बनाने के लिए उभरते कलाकारों को एक मंच पर लाने का बड़ा माध्यम बन रहा है।

***मनु भाकर ने जीता ओलंपिक मेडल...***

दूसरे राउंड में नीदरलैंड ने 54 स्कोर किया जबकि भारत ने 49। तीसरे राउंड में भारतीय तीरंदाजों ने काफी खराब निशाने लगाए और सिर्फ 48 का स्कोर किया जबकि नीदरलैंड्स के आर्चर्स ने 53 स्कोर किया।नियमों के तहत 6 तीरों का एक सेट जीतने पर टीम को 2 अंक मिलते हैं। ड्रॉ होने पर दोनों टीमों को 1-1 अंक मिलता है। जो टीम पहले 6 अंक हासिल करती है, वो मैच जीत जाती है। नीदरलैंड्स ने ऐसा किया और भारत को 6-0 के अंतर से हरा दिया। भारत के स्टार टेनिस प्लेयर सुमित नागल पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए। मेंस सिंगल्स में चुनौती पेश करने उतरे नागल को फ्रांस के कोरेंटिन मोउटेट 6-2, 2-6, 5-7 से हराया। पेरिस ओलंपिक में रविवार को टेबल टेनिस में भारत के लिए मिला-जुला दिन रहा। भारत के ध्वजवाहक रहे अचंता शरत कमल पहले मैच में हारकर बाहर हो गए। उन्हें मेंस सिंगल्स के स्लोवेनिया के कोजुल डेनी ने 4-2 के अंतर से हराया।

# कारगिल युद्ध में भारत की विजय के कर्णधार सैन्य सेना की वीरता को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने किया नमन

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्टीय सेवा योजना इकाई, विस्तार गतिविधि एवं भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गौरव स्थल में शहीदों को नमन करके वीरता को दी श्रद्धांजलि।

प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि युद्ध में सम्मिलित रहे राजनांदगांव जिले के सैनिक ऑनरी कैप्टन आर.के.एस. भारद्वाज, मास्टर वारंट अफसर एम. आर. डड़सेना के मुख्य आतिथ्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से युद्ध में सम्मिलित रहे सैनिकों का सम्मान किया गया और जिन्होंने वीरगति प्राप्त की उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई द्य कारगिल विजय दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी सेना ने कितनी वीरता से हमारे देश की रक्षा की है और यह दिन हमारे



सैनिकों के अदम्य, साहस और शौर्य का प्रतीक है आज विद्यार्थियों ने 26 जुलाई 1999 को शहीद हुए सेना के तमाम जवानों और अधिकारियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिए द्य प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा भारत संस्कृति, क्षमा और साहस की भूमि है। यह देश और इसका इतिहास दुनिया के लिए उल्लेखनीय और प्रेरणादायक है। भारतीय सबसे कठिन दृश्यों से गुज़रे हैं और फिर भी अपना गौरव बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। हमारे सैनिकों ने कई लड़ाइयां लड़ी हैं और उनमें जीत हासिल की है। ऐसा ही एक यादगार युद्ध है कारगिल। इस भूमि को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों के बलिदान को नमन आज राष्टीय सेवा योजना के विद्यार्थीयो अपनी देश भक्ती और देश के प्रति एकता का परिचय देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया जो आज के युवा पीढ़ीयो के लिए आवश्यक हैं द्य महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से कहा आज के दिन, हम उन शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने हमें आजादी का सुख दिया। जिसके बदौलत देश गौरव का अहसास कर रहा है द्य आयोजन में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख , सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर (से.नि.) राजेश शर्मा , सूबेदार जॉन लिविंग्स्टोन ने अपने-अपने अनुभव साझा किया और देशभक्ति का जज्बा जगाया द्य कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के पूर्व सैनिको की उपस्थिति युवाओ में जुनून पैदा कर रहा था द्यआयोजन में महाविद्यालय के एन.एस. एस.विद्यार्थी तथा स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता सहित आम नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

**राजनांदगांव(दावा)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान की शुरुआत की गई है। इसी तारम्य में आज 27 जुलाई को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला राजनांदगाव में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख के नेतृत्व में हुए वृक्षारोपण रखरखाव का लिया संकल्प

राजनांदगाव के मठपारा में स्थित ईदगाह मैदान में वृक्षारोपण कर पूर्व राष्ट्रपति मिसाईल मेन स्व ए. पी.जे.अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विविध प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख ने कहा कि हरियर राजनंदगांव हरियर छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करें।

इस अभियान में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर छत्तीसगढ़ को हरा भरा बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आप सभी पौधारोपण करें। साथ ही पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ाने हेतु पौधों को जीवित रखने का संकल्प लें। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख के साथ मुस्लिम जमात के पूर्व सदर जनाब जावेद अंसारी साहब, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री जहीर अब्बास, उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ, असलम खान, अख्तर अली, मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर, सलीम खान, भुरू बड़गुजर, नासीर खान सहित अल्पसंख्यक मोर्चे के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शिक्षा सप्ताह अंतर्गत ब्लाक टीम का अवलोकन



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला मड़ियान में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में छठवे दिन विकास खंड डोंगरगढ़ के शिक्षा विभाग के कोर ग्रुप द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान शाला में बाल कैबिनेट, इको क्लब के सदस्यों एवं सभी छात्रों से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पेड़ लगाए गए और उनके संरक्षण का शपथ दिलाया गया।

साथ ही नियमित पढ़ाई, एफएलएन,साफ सफाई,किचन गार्डन,पोषण वाटिका, वाटर हार्वेस्टिंग,सीड बाल,आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मांगट, बीआरसी इनायत अली, कोर ग्रुप सदस्य आलोक लारेंस, श्रीमती त्रिवेणी यदु, संकुल समन्वयक रघुनंदन चंद्रवंशी, प्रधान पाठक श्रीमती दिनेश्वरी वर्मा एवं शिक्षक श्रीकांत कांडे, मुकेश कुमार कांडे उपस्थित रहे।

# ठेलकाडीह महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस




ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वविदित है कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने अदम्य साहस एवं पराक्रम के साथ लड़ते हुये पाकिस्तानी सेना एवं घुसपैठियों को परास्त कर कारगिल की चोंटियों पर तिरंगा लहराया था। इस युद्ध में हमारे 527 वीर जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देश को विकसित करने, देश की अनमोल विरासत की रक्षा करने औपनिवेशिक मानसिकता से दूर रहने, देश की एकता एवं अखण्डता को अक्षुण बनाये रखने, समाज एवं देश के विकास हेतु सदैव प्रयत्नशील रहने का पंच-प्रण शपथ लिया गया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियों का निर्माण किया एवं भाषण भी प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक विनय कुमार मसियारे एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डी.के. साहू, बेनविक्रम बर्मन, सुश्री रेणुका कुंजाम, श्रीमती रेणुका सिन्हा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायत भटगुना में मुक्तिधाम नहीं



खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम भटगुना में मुक्ति धाम नही होने की वजह से बारिश में अंतिम संस्कार करने के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, डोंगरगांव विधानसभा के आधीन यह एक ऐसा गांव है जहां कई मूल भूत सुविधाओं का आभाव है।

भारी बारिश की स्थिति में शिवनाथ तट बसे इस गांव तक पहुंचने के लिए एक पुलिया है जिसकी ऊंचाई कम होने की वजह से पूल के ऊपर पानी आने पर इस गांव से सम्पर्क टूट जाता है, जिसके लिए उच्च स्तरीय पूल निर्माण की मांग भी विगत कई वर्षों से की जा रही है पर इस ओर भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा, ग्राम में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिये जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण तो हो चुका है पर ठेकेदार के द्वारा बेतरतीब ढंग से पाईप लाईन का विस्तार किया गया है। जिसकी वजह से लोगों के घरों तक पानी नही पहुंच पा रहा है, गांव के शमसान घाट में शमसान शेड नहीं होने के कारण भरी बारिस में तिरपाल लगाकर अंतिम संस्कार करना पड़ता है, जो एक गंभीर समस्या है। विगत कई वर्षों से इसकी भी मांग जनप्रतिनिधियों से कई बार की जा चुकी है, पर इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। विभिन्न मूलभूत समस्याओं से जूझता ग्राम पंचायत भटगुना अपनी विकास की बाट जोह रहा है।

# शराब दुकान के गल्ले से 11 लाख चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई करतूत

दुर्ग (दावा)। जिले में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में शासकीय शराब दुकान में अज्ञात चोरों ने गल्ले में रखे लाखों रुपये चोरी कर फरार हो गए।चोर की सारी करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।



फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नयापारा देशी शराब दुकान में 25 और 26 जुलाई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा शराब दुकान के गल्ले में रखे करीब 11 लाख रुपए नगद चोरी कर फरार हो गए।शराब दुकान को BIS कंपनी (मुंबई इंट्रारग्रेटेड सीक्रेट इंडिया लिमिटेड कंपनी) के द्वारा संचालित किया जा रहा है। आरोपियों ने आसानी से दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसकर दुकान के गल्ले से लगभग 11 लाख चोरी कर फरार हो गए। इस शराब दुकान में रात के समय एक सुरक्षा कर्मचारी की भी ड्यूटी लगाई गई थी जो घटना के समय सो रहा था। दुर्ग सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव ने बताया कि शराब दुकान में चोरी की घटना घटित हुई है घटना करित वाले आरोपियों का सीसीटीवी फुटेज में आया है शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। और पुलिस संदेह के आधार पर शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारी और गार्ड से पूछताछ की जा रही है।

# वित्त मंत्री ने बजट में सभी वर्गो का ध्यान रखा - कमल सोनी

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा के पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी व भाजपा के युवा नेता कमल सोनी ने केंद्र के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट की सहारना की है। यह बजट आम जनता के लिए हितैषी बजट है। जिसमें मोदी सरकार ने सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा है। श्री सोनी आगे कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में सर्वोन्मुखी है। कृषि कार्य के लिए 152 लाख करोड़ रुपये, महिलाओं के लिए तीन लाख करोड़, तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शहरी आवास योजना के लिए अलग से योजना बनाई गई है। बेरोजगारों के लिए दो लाख करोड़ खर्च करके चार करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर नौकरी दी जाएगी। इस बजट में किसाने और बेरोजगारों का विशेष ख्याल रखा गया है। कई जरूरी चीज सस्ती होने से जनता को बड़ी राहत मिलने वाली है। गरीब, किसान, मजदूर व युवावओं सहित महिलाओं के उत्थान वाली बजट पेश की है। बजट भारत को 3 ट्रिलियन डॉलर वाले देश बनाने वाला बजट है। जिससे हमारा देश अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नई उंचाई को छुएगा।



# कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षण कार्यों की प्रगति के संबंध में ली बैठक



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जरूरतमंद एवं प्रशिक्षण हेतु इच्छुक हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रदान करने कहा। उन्होंने योजना के गाईडलाईन अनुसार ही कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं अपने समय अनुकूल प्रशिक्षण प्रारंभ कर सकते हैं। कलेक्टर ने कृषि विभाग, शासकीय आईटीआई राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़, वन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा विभाग एवं शासकीय दिग्विजय कॉलेज को पंजीकृत पाठ्यक्रम एवं कोर्स में शीघ्र प्रशिक्षण प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरआर खरे, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अनुप चटर्जी, सहायक संचालक कौशल विकास प्राधिकरण देवेन्द्र महेश्वरी सहित वन विभाग, शासकीय आईटीआई राजनांदगांव व डोंगरगढ़, शासकीय दिग्विजय कॉलेज, क्रेडा विभाग के अधिकारी एवं शासकीय व अशासकीय वीटीपी के संचालक उपस्थित थे।

# ग्राम पठानढोडगी-दतरेगा मार्ग पर घुमरिया नदी में उच्च स्तरीय पुल बजट में शामिल



राजनांदगांव (दावा)। रायपुर विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी ने सदन में 7329 करोड़, 35 लाख, 62 हजार, 700 रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया। यह चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट है।

इसमें स्कूल, कॉलेजो से लेकर सड़कों और भवनो के साथ नए उद्यानों की स्थापना के लिए सरकार ने बजट मे प्रावधान किया है, जिसमें राजनांदगांव जिला के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पठानढोडगी- दतरेगा मार्ग पर घुमरिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल अनुमानित लागत (665.00 लाख) निर्माण कार्य हेतु विभागीय बजट में किया जाएगा। जिसकी बजट में स्वीकृत होने पर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली का पक्का इंतजाम करने के लिए खुज्जी शेड़ो विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत किसानों की बीमा आवरण की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2024 अऋणी कृषकों की बीमा आवरण की समीक्षा बैठक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत किसानों द्वारा बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। उन्होंने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा बीमा कराने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में रोकने के लिए कार्य करने कहा। उन्होंने रबी फसल में किसानों को धान के बदले अन्य कम पानी उपयोग वाली फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने गांवों में निर्मित तालाब एवं डबरी में मछलीपालन करने के लिए किसानों को सलाह देने कहा। बैठक में लोक सेवा केन्द्र नई दिल्ली से केन्द्रीय स्तर के अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र कुमार एवं राज्य स्तर के लोक सेवा केन्द्र अधिकारी श्री जयनारायण पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को राष्टीय जल मिशन अंतर्गत पानी बचाने एवं जल का समुचित उपयोग करने की शपथ दिलाई।

बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना 2024-25 के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया एवं समीक्षा भी की गई और अऋणी कृषकों को बीमा आवरण में शत-प्रतिशत सम्मिलित करने कहा गया। बीमा प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए शासन के नियमों, निर्देशों, बीमा करने प्रीमियम जमा करने, खाते से प्रीमियम कटौती करने सहित अन्य विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में किसानों से निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने का आग्रह करने कहा गया। फसलों का बीमा कराने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। इसके साथ ही ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। किसान बीमा कराने के लिए संबंधित समिति, बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र से संपर्क कर सकते है तथा एआईडीई मोबाईल एप से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2024-2025 तक जिले के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी का चयन निविदा के आधार पर किया गया है।




किसानों द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर खरीफ वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। जिसमें मुख्य फसल धान सिंचित 1200 रूपए, धान असिंचित 900 रूपए एवं अन्य फसल मक्का 900 रूपए, मूंगफल्ली 840 रूपए, मूंग एवं उड़द 540 रूपए, सोयाबीन 960 रूपए, अरहर 760 रूपए, कोदो 320 रूपए, कुटकी 340 रूपए एवं रागी 300 रूपए किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो, उसे स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य सभी बीमा को कंपनी द्वारा निरस्त किए गए प्रीमियम की राशि नियमानुसार अंतरित (राजसात) किया जाएगा।

बैठक में इस वर्ष बीमा अधिसूचना में ग्राम आईडी को संशोधन, प्रति हेक्टेयर ऋण मानसीमा, स्थानीकृत आपदा हेतु टोल फ्री नंबर 14447 एवं 18004190344 एवं व्हाट्सएप पर भी क्षति की सूचना स्वीकार करने के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में उप संचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यान, उपआयुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र एवं भारतीय कृषि बीमा कंपनी रायपुर के अधिकारी, बैंक, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समितियों, लोक सेवा केन्द्रों, ऑनलाईन पंजीयन, बीमा अभिकर्ता उपस्थित थे।

# मिडिल स्कूल बघेरा के बच्चों ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

बघेरा (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में शिक्षा सप्ताह का आयोजन 22 जुलाई से 28 जुलाई तक किया जा रहा है इस आयोजन के छठवें दिन मिशन लाइफ एवं इको क्लब के द्वारा स्कूलों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यूथ एवं इको क्लब मिडिल स्कूल बघेरा के बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपनी सहभागिता देते हुए 35 पेड़ों का रोपण किया। बच्चों ने अपनी माता के साथ मिलकर पेड़ लगाए जिसमें उन्होंने पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लिया। बच्चों ने ट्री गार्ड भी लगाए। इस शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य जन जन तक राष्टीय शिक्षा नीति को पहुंचाना है अभियान में इको क्लब प्रभारी शिक्षिका श्रीमती प्रीति शर्मा , शिक्षिका श्रीमती मधुलिका विश्वकर्मा कुमारी सुनीता ठाकुर एवं संजीव कुमार जांगड़े ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। किस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमती वायलेट सेमुअल संकुल शैक्षिक समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी एवं प्रधान पाठक तुकादास मांडले सम्मिलित रहे।



# भारत को सक्षम, शक्तिशाली आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने वाला बजट-बृजमोहन अग्रवाल

## 0 देश में पहली बार मध्यम वर्गीय परिवारों की चिंता सहित किसान, युवा, गरीब व महिलाओं पर दिया गया विशेष ध्यान

राजनांदगांव (दावा)। बजट पर संवाद कार्यक्रम के तहत रविवार 28 जुलाई को प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने होटल एबीस ग्रीन में एक पत्रकार वार्ता लेते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट भारत देश को सक्षम, शक्तिशाली आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाने वाला बजट है। इस बजट में देश में पहली बार मध्यम वर्गीय परिवारों की चिंता की गई है, साथ ही अन्नदाता किसान, गरीब, महिलाएं वह युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि देश में पहली बार मध्यम वर्गीय परिवारों की चिंता कर इसके लिए 75 मानक किये गये है। उनके आश्रितों को जो पेंशन मिलती थी उसे बढ़ाकर 25 हजार रूपए किया गया है। साढ़े सात लाख के आय वाले लोगों को इंकम टैक्स में पूरी छूट दी गई है। व्यापार व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए केपिटल गेम आगे बढ़ाई गई है। घाटे में जाने वाले उद्योगों को सहायता दिए जाने के प्रावधान किए गए है। उन्होंने कहा कि उद्योग व्यवसाय के बिना रोजगार नहीं मिलता। इसके लिए कच्चा माल आवश्यक है। जिस पर सीमा शुल्क में छूट दी गई है। सोना-चांदी की कीमत कम की गई है। श्री अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लिथियम का भंडार मिला है। बजट में इसके टैक्स में कमी की गई है। टेलीकाम उपकरणों पर छूट, मोबाइल फोन के दाम में कमी की गई है। इससे हर वर्ग को लाभ होगा।

### महिला सशक्तिकरण

प्रेस वार्ता में श्री अग्रवाल ने कहा कि देश की एक महिला वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत इस आम बजट में महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण लिए 3 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए हास्टल उनके छोटे बच्चों के लिए झूला घर बालघर, तथा कार्यशील महिलाओं के लिए 1 लाख 48 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। श्री अग्रवाल ने बताया कि मोदी जी की परिकल्पना थी कि सभी को शुद्ध जल ,मीठा पानी मिले। इसके लिए जल जीवन मिशन को पूरा करने के लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था की गई है। गरीब का सपना अपना एक घर होने की रहती है। मोदी जी द्वारा गरीबों के लिए पहले 4 करोड़ घर खास चिंता की गई है।

अब मोदी जी द्वारा मानी गई चार जातिया गरीब, किसान ,महिलाए व युवाओं के लिए इस बजट में विशेष प्रावधान किए गए है। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि पहले का बजट टूकड़ो-टूकड़ों में हुआ करता था। सन् 2014 के पहले की वजट में केवल घोषणाएं की जाती थे पर उसे पूरा नहीं किया जाता था। मोदी जी के प्रधानमंत्रीत्व कार्यकाल का यह 11 वां बजट है। बजट में जो भी घोषणाएं की जाती है उसे पूरा किया जाता है। उक्त बजट पूरे भारत के विकास का बजट होता है। निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 472100 करोड़ का बजट गरीबों का बजट है। देश के अन्नदाता किसान, मजदूर महिलाओं व युवाओं को उन्नति की ओर ले जाने वाला बजट है।




### देश को विकसित बनाने का बजट

प्रेसवार्ता में जिले के सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचन्द पारख, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व भाजपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, आलोक बिन्दल, शिव वर्मा व मीडिया प्रकोष्ठ के अमर ललवानी, श्री मिश्रा आदि की उपस्थिति में सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि देश में 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी है जिनके लिए सड़क, बिजली, पानी, आवास व स्वास्थ्य के लिए बजट में विचार किया गया है और प्रावधन रखे गए है। देश में पहली बार अ.ज.जा. के लिए बुनियादी ढांचा, रोड, रेल, संचार स्वास्थ्य कनेक्टिीविटी के लिए काम किया गया है। देश के सभी को घर-पानी बिजली, स्वास्थ्य सुविधा युवाओं को रोजगार मिले इसकी चिंता की गई है। श्री अग्रवाल ने बताया कि पूंजीगत 11.11162 करोड़ रूपए इसके लिए आबंटित किया गया है। वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा अब तक के सबसे ज्यादा बार प्रस्तुत किए गए इस 2024-25 के बजट दीर्घ कालिक सोच को दर्शाता है 2047 तक देश को विकसित बनाने का बजट है। इस बजट में गरीबों के लिए 3 करोड़ और पीएम आवास बनाने की स्वीकृति दी गई है।? इस बजट में छत्तीसगढ़ के 18 लाख गरीबों को छत मिलेगी। देश के 25 हजार गांवों को प्रधानमंत्री सड़क से जोड़ा जाएगा।

बजट में युवाओं पर फोकस सांसद श्री अग्रवाल ने बजट पर संवाद करते हुए कहा कि देश के एक लाख युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एक हजार इण्ड्रस्ट्रिजों को आईडेन्टीफाई किया गया है। इन स्थानों में युवाओं को प्रशिक्षण दिए जाने के समय 12 महिने तक छ- हजार रूपया मासिक दिया जाएगा। मुद्रा लोन को 10 लाख के बजाय 20 लाख रूपए कर दिया गया है। जवानों को बिना किसी गारंटी के लोन मिलेगा। कौशल विकास के लिए 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। ताकि उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। छात्रों को देश में ही शिक्षा ग्रहण करने पर 10 लाख का लोन/साढ़े सात लाख के लोन पर तीन प्रतिशत की छूट की व्यवस्था की गई है।

### अन्नदाताओं पर फोकस

श्री अग्रवाल ने बताया कि वित्तमंत्री जी का बजट देश के अन्नदाताओं पर फोकस वाला बजट है। इसको कृषि के लिए 1 लाख 52 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि क्लाईमेट चेंज फसलों के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके लिए अनाज के क्षेत्र में 109 किस्में तैयार कर योजना बनाई गई है। प्राकृतिक उपज के लिए आर्गेनिक खेती हेतु किसानों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बहुलता वाले इस देश में 2 लाख 66 हजार करोड़ इस क्षेत्र के लिए प्रावधान किए गए है। हर गरीब किसान जो पक्का मकान में रह सके इसके लिए व्यवस्था सहित 100 शहरों के विकास की व्यवस्था। हाइजेनिक फूड की व्यवस्था इस बजट में की गई है। 30 लाख की आबादी वाले शहरों का पूर्ण विकास किया जाएगा। किसानों को क्रेडिट कार्ड, 6 करोड़ किसानों के जमीन के रिकार्ड का डिजीटलाइजीकरण किया जाएगा। सांसद श्री अग्रवाल ने बताया किया 62 साल बाद देश को मोदी जी जैसा दबंग नेतृत्व वाला व सबका साथ-सबका विकास की सोंच रखने वाला प्रधानमंत्री मिला है। मोदी जी अपने नेतृत्व में देश की तकदीर व तस्वीर दोनों बदली है। मोदी जी की वर्तमान राजग गठबंधन वाली सरकार ने अपने बजट में आम आदमी के जीवन को आसान बनाया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पेट्रोलिंग पदार्थ भी सस्ते होंगे। इस बजट को कांग्रेस द्वारा कुर्सी बचाने वाला बजट कहे जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस भोंडा विरोध करती है।

# डायरिया से ग्रसित गांव लेडीजोब पहुंचे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव

## ग्रामीणों से की मुलाकात, अधिकारियों को दिये निर्देश

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकासखंड के ग्राम लेडीजोब पहुंचे पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव दो दिनों पूर्व ग्राम लेडीजाब में एक नलकूप से पानी पीने से गाँव के करीब 60 से ज्यादा लोगों को डायरिया की परेशानियों से जूझना पड़ा व सभी को ज़रूरी उपचार के लिए स्थानीय कौड़िकसा स्वास्थ्य केंद्र, चौकी स्वास्थ्य केंद्र व राजनांदगांव में उपचार के लिए भेजा गया था।

डायरिया की जानकारी मिलते ही पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने कार्यक्रमों को टालकर ग्रामीणों से अस्पताल में उनका हालचाल जानने कौड़िकसा के स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचे व ग्राम लेडीजाब में पहुँचकर ग्रामीणों से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली व विकासखंड के तहसीलदार, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी, जनपद सीईओ, पीएचई के अधिकारियों से चर्चा कर ज़रूरी दिशा निर्देश दिए।



साथ ही स्थिति परिस्थितियों को देखते हुवे पीएचई विभाग के अधिकारी को विगत 6 से 7 दिनों तक टैंकर से पीने का साफ पानी ग्रामीणों को उपलब्ध कराने निर्देशित किया।

मेडिकल की टीम से बातचीत कर उन्हें स्थिति पर नज़र बनाये रखने को कहा गया। ग्रामीणों ने माँग रखते हुवे प्राथमिक शाला की जर्जर हो रहे भवन के लिए मांग किया जिसको तत्काल जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुवे नवीन प्राथमिक शाला भवन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उपस्थित सभी को सजगता से ग्राम में रहकर कार्य करने को कहा पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष मोहला-मानपुर, अ.चौकी मदन लाल साहू, जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव हीरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष शत्रुघन चुरेन्द्र, पूर्व जिला महामंत्री सावन वर्मा, जिला मंत्री व सरपंच कौड़िकसा योगेंद्र कोड़ापे, जिला मंत्री कैलाश शर्मा, पूर्व जिला मंत्री राजेश सिंघी, मंडल अध्यक्ष कुमर्दा बोधन साहू, जिला संयोजक आई टी सेल खोमन मेश्राम, जिला संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ लक्ष्मण देवांगन, मंडल महामंत्री झनक लाल सोनवानी, संदीप साहू, सरपंच अरजकुण्ड मनोज कोरेटिया, भाजयुमो महामंत्री देवेंद्र सिन्हा, मीडिया प्रभारी याकिब जिलानी, सरपंच करमतरा सुमन गांवरे, मनोहर साहू, उज्ज्वल कसेर, आशीष दिवेदी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# यूरोप में होने वाली वर्ल्ड जुजित्सु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप के लिए वसुंधरा सिंह का हुआ चयन



डोंगरगढ़ (दावा)। 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक ग्रीस यूरोप में होने वाली वर्ल्ड जुजित्सु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की होनहार खिलाड़ी कुमारी वसुंधरा सिंह का चयन होने पर शहर के सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य जनों ने बधाई दी। अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि,प्रदेश के साथ साथ राजनांदगांव व डोंगरगढ़ के लिए यह गौरवशाली बात है।

माँ बम्लेश्वरी देवी ने छत्तीसगढ़ सहित हमारे राजनांदगांव जिले का मान बढ़ाने का यह जो अवसर प्रदान किया है। कुमारी वसुंधरा सिंह निश्चित ही समूचे प्रदेश का मान बढ़ाकर डोंगरगढ़ का गौरव बढ़ाएंगे।

# फिरोज अंसारी पेरिस ओंलम्पिक में हॉकी इंडिया पर्यवेक्षक के रूप में लेंगे भाग

राजनांदगांव (दावा)। पेरिस में आज 26 जुलाई से प्रारंभ हुई पेरिस ओलम्पिक में भारतीय हॉकी दल भी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने पेरिस पहुंच गया है, जिसमें संस्कारधानी के साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए भी गौरव की बात है कि हॉकी इंडिया ने छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष एवं हॉकी इंडिया नई दिल्ली के सह-सचिव फिरोज अंसारी को हॉकी इंडिया के पर्यवेक्षक के रूप मे सम्मिलित किया है।



श्री अंसारी के पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेने पर हॉकी नर्सरी के खेल प्रेमियों के साथ ही छत्तीसगढ के समस्त हॉकी प्रेमियों एवं खिलाडियों में हर्ष का माहौल है। श्री अंसारी 30 जुलाई को पैरिस के लिए रवाना होगें इसके पूर्व श्री अंसारी 2012 में लंदन ओलम्पिक, 2014 में पुरूष वर्ल्ड कप हॉलैण्ड, 2018 में महिला वर्ल्ड कप 2018 मे रियो ओलम्पिक व 2023 में 19वीं एशियन गेम्स हन्गुजू (चाईना) में भी पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले चुके है। श्री अंसारी को इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव सॉय, विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, खेलमंत्री टंकराम वर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने बधाई दी एवं पैरिस में भारतीय दल के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

# आज द्वितीय भगवान चंद्र मौलेश्वर बाबा महाकाल की पालकी यात्रा

## बसंतपुर क्लब चौक से होगी प्रारंभ पालकी यात्रा

राजनांदगांव (दावा) पवित्र सावन माह भगवान शिव की आराधना का माना जाता है। इस माह में यूं तो प्रत्येक दिन भगवान शिव की पूजा, आराधना, आरती की जाती है, किंतु सोमवार को विशेष पूजा, आरती, हवन, करना धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्यादा फल देने वाला होता है।



संस्कारधानी नगरी राजनंदगांव में भी बाबा महाकाल उज्जैन की तर्ज पर प्रत्येक सोमवार को महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा का आयोजन किया जाता है। सोमवार दिनांक 29 जुलाई को भी महाकाल पालकी यात्रा बसंतपुर से निकल नगर भ्रमण करेगी। महाकाल मंदिर समिति के पवन डागा ने बताया कि द्वितीय सोमवार 29 जुलाई को महाकाल मंदिर समिति एवं महाकाल भक्त सेना द्वारा पालकी यात्रा निकल जाएगी जोकि बसंतपुर कल्ब चौक से प्रारंभ होगी। पालकी यात्रा दोपहर 02 बजे प्रारंभ हो महामाया चौक, प्रभात नगर होते हुए हेमू कल्याणी नगर, लालबाग सिंधी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में विश्राम लेगी। महाकाल भक्त श्री डागा ने बताया कि संस्कारधानी नगरी में पालकी यात्रा को लेकर बहुत उत्साह है। पालकी यात्रा में डीजे धुमाल नहीं होगा। नगर की सांस्कृतिक परंपरा को ध्यान रखते हुए छत्तीसगढ़ लोक कलाकारों द्वारा झांझ, मंजीरा, ढोल आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। पालकी यात्रा में भगवान शिव की एक भव्य झांकी भी होगी, साथ ही शिव तांडव नृत्य करने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि पालकी को कोई भी आमजन शिव भक्त उठा सकते हैं उन्हें केवल पारंपरिक वेशभूषा में होना अनिवार्य है। विगत सोमवार को निकल गई पालकी यात्रा राजनांदगांव एवम् शनिवार को डोंगरगढ़ पालकी सवारी में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, महिलाएं, पुरुष व युवा बड़ी संख्या में शामिल हो धर्म लाभ प्राप्त किए। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# संजय बहादुर सिंह 'मानवता की सेवा' के लिए हुए सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। लाल चंद्र बहादुर एजुकेशनल सोसाइटी के निदेशक संजय बहादुर सिंह को मानवता के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान उनके नेतृत्व में रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल और डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की किरण बने हैं।



श्री सिंह की दयालुता और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता ने कई छात्रों और उनके परिवारों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। उल्लेखनीय रूप से शारीरिक रूप से विकलांग प्रतिभाशाली छात्र पुष्कर साहू को आजीवन पूर्ण निःशुल्क शिक्षा और खेल कोचिंग, पुष्कर की माँ को स्कूल में रोजगार के अवसर के साथ आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के कई छात्रों को शुल्क में छूट प्रदान किये। उनके निस्वार्थ प्रयासों ने उन्हें नई दुनिया और जागरण समूह से प्रतिष्ठित 'मानवता की सेवा' पुरस्कार दिलाया है, जो दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उनके समर्पण का प्रमाण है।

श्री सिंह के मार्गदर्शन में, स्कूल करुणा, सहानुभूति और शिक्षा में उत्कृष्टता का पर्याय बन गए हैं। उनके अनथक कार्य से दयालुता और उदारता की सिंह परिवार की स्थायी विरासत विस्तारित हुई है।

संजय बहादुर सिंह को यह सेवा सम्मान पुरस्कार मिलने पर समिति की अध्यक्षा डॉक्टर श्रीमती सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, अकेडमीक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव, प्राचार्या डॉ अनुराधा शुक्ला, एकता खंडेलवाल तथा सुषमा शुक्ला ने बधाईयां दी हैं।

# माँ सहित तीन मासूम बच्चों की सुध ली बर्फानी मंदिर समिति ने

## आज भी कई मासूम कुपोषण और शिक्षा का अभाव झेल रहे है

राजनांदगांव (दावा)। शासन-प्रशासन निश्चित ही प्रदेश को कुपोषण और घुमंतू बच्चों की शिक्षा पर देश की सरकार को हमेशा अच्छे आंकड़े देता आ रहा है, पर धरातल पर यह कितना खरा उतरता है, इसका नजारा सड़कों पर और झुग्गी-झोपड़ियों में देखने मिलता है. तीन मासूम बच्चों को माँ सहित पति द्वारा खाली हाथ बेघर कर देने से माँ अपने मासूम बच्चों के साथ मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंच गई।



### निगम प्रशासन भी जवाबदेही से बचता नजर आता है

सामाजिक क्षेत्र में लगातार अग्रणी भूमिका निभाने वाले मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश मारू और मंदिर समिति से जुड़े पत्रकार कमलेश सिमनकर ने इनकी सुध ली। मां सहित बच्चों को अटल आवास में किराए का मकान दिलवाया, साथ ही सोने के लिए गद्दा-कम्बल की व्यवस्था कर दी।

एक कदम आगे बढ़ाते हुए समाजसेवी और भाजपा नेता भावेश बैद ने पीड़ित परिवार को एक माह का राशन और घरेलू जरूरी बर्तनों की व्यवस्था कर दी। लेकिन सवाल यह उठता है, कि शासन-प्रशासन कब तक कागजों में ही आंकड़े प्रदर्शित करते रहेगा, धरातल पर कब उतरेगा, कब कुपोषित बच्चे और घुमन्तु बच्चों की देखभाल होगी। जिन बच्चों को मंदिर समिति में आसरा दिया, वे बच्चे क्या अच्छा भोजन और अच्छी शिक्षा के हकदार नहीं है? आज भी झुग्गी/झोपड़ियों में और ब्रिज के नीचे ऐसे सैकड़ों बच्चे है, जो कुपोषित है, और शहर के अंदर भीख मांगने मजबूर है।

ये नजारे हम हर रोज देखते है, लेकिन कर कुछ नही सकते, जो कर सकते है, वे अपना समय कुर्सी में बैठे केवल पैसा बनाने में लगे हुए है, बाकी का जवाब तो शासन को कागजों में तैयार करके दे ही देते है, कागजों में आंकड़ों को देख शासन भी राहत की सांस लेने लगता है।

# ग्रामीण परम्परागत को खेलों के माध्यम से समाज के सभी वर्गो को जोड़े - सुमीत कुमार उपाध्याय

## क्रीड़ा भारती छग प्रांत क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

रायपुर (दावा)। क्रीड़ा भारती छग प्रान्त का 2 दिवसीय क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षण शिविर को राम मंदिर परिसर भरत भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छग राज्य 12 जिलों के क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक वीरेन्द्र देशमुख व सुधीर राजपाल थे।






इस अवसर पर छग प्रान्त क्रीड़ा भारती के प्रान्त मंत्री सुमीत कुमार उपाध्याय ने कहा कि खेल को जनमानस तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है, हम चाहते है कि सभी वर्ग के सभी आयु के लोग खेल से जुड़कर स्वस्थ्य समाज की स्थापना में अपनी सहयोग दे। उन्होंने आगे कहा कि सभी क्रीड़ा केन्द्रों में खेल प्रशिक्षण का सुचारू रूप से संचालन हो, ग्रामीण परम्परागत को खेलों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को जोड़कर खेलों का विकास खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना व उनको राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करना हमारा उद्देश्य है, खिलाड़ियों को संस्कारवान बना खिलाड़ियों में समता का गुण लाना, खिलाड़ियों में देशभक्ति गुण पैदा करना, खिलाड़ियों को आत्मबल प्रदान कर बेहतर नागरिक बनाना, हमारा मिशन है।

क्रीड़ा भारती सह संगठन मंत्री तारणीश गौतम ने क्रीड़ा भारती के संगठन, उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुश्री नीता डुमरे ने क्रीड़ा केन्द्र में प्रशिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। क्रीड़ा भारती के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर राजपाल ने खिलाड़ियों के कौशल विकास पर अपना विचार प्रकट किया। विभाग संयोजक छगनलाल सोनवानी ने योगासान, सूर्य नमस्कार व शारिरिक अभ्यास द्वारा क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षकों को योग के महत्व को समझाया।

क्रीड़ा भारती रायपुर महानगर मंत्री, विरेन्द्र देशमुख ने फिलासाफिकल कान्सेप्ट ऑफ कोचिग पर अपना विचार प्रकट किया। छ.ग. प्रांत के प्रदेश उपाध्यक्ष, गोपेश्वर कहरा ने खिलाड़ियों की प्रतिभा विकास के लिए आवश्यक सुझाव दिये। क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने भार प्रशिक्षण के विषय में सभी क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। खिलाड़ियों स्पोर्टस इंजुरी के बचाव के लिए एफ-95 फिलियोथैरेफी सेंटर रायपुर द्वारा क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षकों को जानकारी देकर मार्गदर्शित किया गया। क्रीड़ा भारती छ.ग. प्रान्त द्वारा प्रशिक्षण वर्ग समापन अवसर पर 50 वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र देशमुख व आभार प्रदर्शन गोपेश्वर कहरा ने किया। इस अवसर पर धमतरी क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, गरियाबंद क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष शरद पारकर खेलों इंडिया हॉकी सेंटर के कोच, राकेश गडवाल, सतीश कुमार यादव, भूपेन्द्र पुष्कर, भरत बुन्देल, नन्कू महाराज, रोहित द्विवेदी व अन्य जिलों से आये सभी प्रशिक्षक व क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com